उज्जैन
मंगलवार
28
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-265
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ 103.42 करोड़ के घोटाले में 20 हजार पन्नों का चालान
7 ▸ भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स में दूसरा गोल्ड

### देश में जल्द चलेंगे 10 रुपये और 20 रुपये के प्लास्टिक-नोट

**नई दिल्ली।** बाजार में जल्द ही 10 रु. और 20 रु. के प्लास्टिक नोट नजर आएंगे। रिजर्व बैंक 100-100 करोड़ यानी टोटल 200 करोड़ पॉलीमर यानी प्लास्टिक से बने नोट छापेगा। यह प्लास्टिक करेंसी का ट्रायल होगा, अगर यह सफल होता है तो आगे और नोट भी छापे जाएंगे। केंद्र सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। यह जानकारी वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में दी। हालांकि, पॉलीमर नोटों का ट्रायल कब शुरू होगा, इसकी तारीख का ऐलान अभी नहीं किया गया है। पॉलीमर बैंकनोट के ट्रायल सफल होने के बाद आरबीआई 10 रु. और 20 रु. दोनों वैल्यू के नोटों को रेगुलर तौर पर जारी करेगा। हालांकि कागज की मौजूदा करेंसी भी चलती रहेगी। इसे बंद नहीं किया जाएगा।

### भारत-नेपाल सीमा के पास सांप्रदायिक झड़प युवक की मौत

**नई दिल्ली।** भारत-नेपाल सीमा से लगे नेपाल के सुनसरी जिले में रविवार रात दो धार्मिक समुदायों के बीच झड़प हो गई। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने फायरिंग की, जिसमें 24 साल के ओम प्रकाश मेहता की मौत हो गई। एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इनमें सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, झड़प देवगंज ग्रामीण नगर पालिका के कप्तानगंज इलाके में हुई। दोनों समुदाय वहां अलग-अलग धार्मिक कार्यक्रम कर रहे थे। इसी दौरान लाउडस्पीकर बजाने और धार्मिक झंडे लगाने को लेकर कहासुनी हुई। देखते ही देखते मामला हिंसा में बदल गया। घटना के बाद प्रशासन ने सोमवार सुबह 7 बजे से 5 बाजार इलाकों में अनिश्चितकाल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है।

### दिल्ली एसआईआर में 50% काम पूरा, 72.65 लाख से ज्यादा एन्यूमरेशन फॉर्म डिजिटाइज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत 50 फीसदी से ज्यादा एन्यूमरेशन फॉर्म डिजिटाइज हो चुके हैं। चुनाव आयोग के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 1,45,10,298 मतदाताओं में से 72,65,605 फॉर्म अपलोड किए जा चुके हैं, जो कुल मतदाताओं का 50.07% है। आयोग के अनुसार, 1,44,91,450 एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। यह कुल मतदाताओं का 99.87% है। 13 जिलों में डिजिटाइजेशन के मामले में आउटर नॉर्थ सबसे आगे है। वहीं, सबसे कम डिजिटाइजेशन साउथ ईस्ट जिले में 36.39% दर्ज किया गया है। इसके बाद ईस्ट (41.60%), साउथ (43.07%), ओल्ड दिल्ली (46.04%) और सेंट्रल (46.38%) हैं।

### कोरिया की महिला पर्यटक को बंदर ने काटा ताजमहल घूम रही थी

**आगरा।** आगरा में एक बंदर ने दक्षिण कोरिया की महिला पर्यटक पर हमला कर दिया। उनके हाथ में काट लिया। हमले के बाद पर्यटक दर्द से तड़पती रहीं। घटना के तुरंत बाद एम्बुलेंस को फोन किया गया, लेकिन जब एक घंटे तक एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंची, तो पीड़ित महिला के साथी ने परेशान होकर आसपास मौजूद लोगों से पूछा- व्हेयर वी गो? यानी हम कहां जाएं? इसके बाद घायल महिला पर्यटक को आनन-फानन में ताजमहल परिसर में ही स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार देने के बाद महिला को गोल्फ कार्ट से निजी अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद, एम्बुलेंस के समय पर न पहुंचने को लेकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने कड़ा रुख अपनाया है। एएसआई ने आरोपी एम्बुलेंस चालक के खिलाफ मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखित रिपोर्ट भेजकर कार्रवाई की सिफारिश की है।

### नोएडा में उबर ड्राइवर से लूट करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**वाराणसी।** ग्रेटर नोएडा में उबर कैब ड्राइवर से लूट करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने सोमवार रात साढ़े 10 बजे मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, रात में थाना ईकोटेक क्षेत्र के यमुना पुस्ता इलाके में चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कार आते हुए दिखाई दी। उसे रोकने का इशारा किया गया। देखते ही कार सवार बदमाश पुलिस पर फायरिंग कर भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। वे घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रमन शर्मा (22) और अभिषेक सिंह (19) के रूप में हुई है। दोनों मध्य प्रदेश के भिंड जिले के रहने वाले हैं। रमन फिलहाल दिल्ली के करावल नगर और अभिषेक हरियाणा के गुरुग्राम के भौंडसी में रह रहा था।

### युवती ने वीडियो बनाकर किया सुसाइड, पति-ससुराल वालों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**आगरा।** आगरा में युवती ने पति और ससुराल वालों के उत्पीड़न से तंग आकर सुसाइड कर लिया। सुसाइड से पहले उसने मोबाइल से गले में फंदा कसने का वीडियो बनाया। पति और ससुराल वालों पर उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद फंदे से लटक गई। वीडियो पति को भेजने पर ससुराल वालों को इसकी जानकारी हुई। उन्होंने युवती को फंदे से उतारा, उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी सास-ससुर और पति को गिरफ्तार कर लिया है।

### रात 1 बजे वीडियो जारी कर बताया-सरकार से बात हुई, हर प्रोटेस्टर सुरक्षित रहेगा

# सभी प्रदर्शनकारियों की एफआईआर वापस होंगी : सीजेपी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

कॉकरोच जनता पार्टी ने बताया कि सभी प्रदर्शनकारियों की एफआईआर वापस होंगी। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास और रत्ना ने सोमवार रात एक बजे वीडियो जारी कर यह जानकारी दी। सौरव ने बताया कि सरकार के प्रतिनिधि (दिल्ली पुलिस के अफसर) मिलने आए थे। हमने उन्हें बताया कि आशंका है कि सरकार ने जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं होंगे। उन्होंने बिहार सरकार के गृह विभाग की प्रेस रिलीज दिखाई। इसमें लिखा है कि सभी प्रोटेस्टर्स की एफआईआर वापस ली जाएंगी और भविष्य में भी कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा। हमारी आशंका थी कि प्रदर्शनकारियों को किसी राज्य में नुकसान पहुंचाया जा सकता है। सरकार ने हमें गारंटी दी है कि ऐसा न हो, इसलिए इसका एक नोटिफिकेशन निकाला जाएगा, ताकि प्रदर्शनकारी सुरक्षित रहें। भविष्य में भी उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं होगा।

#### सभी एफआईआर वापस लेने का ऐलान किया

बिहार सरकार ने सोमवार को घोषणा की है कि वह 26 जुलाई को शाम 6 बजे से पहले बिहार में कहीं भी हुए विरोध प्रदर्शनों में शामिल लोगों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेगी। सरकार विरोध प्रदर्शनों से जुड़ी सभी एफआईआर, आपराधिक शिकायतों और कारण बताओ नोटिस को वापस लेने की प्रक्रिया भी शुरू करेगी। सरकार ने कहा कि ऐसे मामलों में गिरफ्तार या हिरासत में लिए गए सभी लोगों को रिहा करेगी। यह भी तय करेगी कि भविष्य में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न हो।

#### प्रदर्शनकारियों की मदद कर रही लीगल टीम

सीजेपी की कानूनी संपर्क अधिकारी के तौर पर पेश की गईं रत्ना सिंह ने आरोप लगाया कि वकील पहले से ही असम, पश्चिम बंगाल और बिहार में हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कोलकाता में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से 10 मुस्लिम हैं, और आरोप लगाया कि गुंडा एक्ट सहित कड़े प्रावधान लागू किए जा सकते हैं। उन्होंने बिहार के पटना, सिवान और छपरा में पुलिस की बर्बरता का भी आरोप लगाया और दावा किया कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप लगाए गए हैं और लगभग 5,000 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

#### कॉकरोच जनता पार्टी के 3 एक्शन

- सीजेपी प्रदर्शन के दौरान घायल और पुलिस मामलों में फंसे लोगों की मदद के लिए जनता से चंदा इकट्ठा कर रही है। इसके लिए एक वेबसाइट शुरू की है।
- सीजेपी ने देशभर में लीगल एड सेल बनाने का ऐलान किया। कपिल सिब्बल ने कानूनी सहायता के लिए 1 करोड़ रुपये देने की घोषणा। साथ ही हर जिले के वकीलों से मदद मांगी है।



- संगठन ने अपनी वेबसाइट पर साक्षी पोर्टल लॉन्च करने कहा है। इसमें प्रदर्शन कारियों पर पुलिस एक्शन के फोटो-वीडियो अपलोड किए जा सकेंगे।

#### दिल्ली पुलिस का दावा-प्रदर्शनकारियों में रेपिस्ट-डकैत भी शामिल थे

दिल्ली पुलिस की जांच में दावा किया गया है कि जांच में 2,873 लोगों का वैरिफिकेशन हुआ। इनमें से 989 पर हत्या, डकैती, लूट, रेप से जुड़े मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक जांच में 101 लोग हत्या, 62 हत्या के प्रयास, 284 लूट-डकैती, 229 आर्म्स एक्ट, 135 स्नैचिंग, 19 अपहरण और 67 एनडीपीएस एक्ट से जुड़े मामलों में आरोपी पाए गए। इसके अलावा 61 लोगों के खिलाफ रेप, 25 के खिलाफ महिलाओं से छेड़छाड़ और 6 लोगों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामले दर्ज पाए गए। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि वह हालात पर कड़ी नजर रख रही है। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए एहतियात के तौर पर सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं।

### सीएम हाउस घेरने के इरादे पर अटल किसान

## 5 बैरिकेड तोड़ आगे बढ़ी पैदल यात्रा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नर्मदापुरम**



मूंग खरीदी और खाद व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन तेज

मध्यप्रदेश में मूंग की 100% खरीदी और खाद वितरण व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की किसान क्रांति पैदल यात्रा दूसरे दिन मंगलवार को बरखेड़ा से आगे बढ़ेगी। किसानों का कहना है कि वे अपनी मांगों को लेकर पीछे हटने वाले नहीं हैं और भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री आवास (सीएम हाउस) का घेराव करेंगे।

सोमवार को प्रशासन द्वारा जगह-जगह बैरिकेडिंग कर किसानों को रोकने की कोशिश की गई। नर्मदा ब्रिज से पहले नर्मदापुरम जिले की सीमा पर लगाए गए बैरिकेड किसानों ने तोड़ दिए। इसके बाद भी उनका गुस्सा शांत नहीं हुआ और उन्होंने बुधनी क्षेत्र में एक के बाद एक पांच बैरिकेड हटाते हुए गड़रिया नाला पार किया और औबेदुल्लागंज-बैतूल फोरलेन होते हुए बरखेड़ा पहुंचकर रात बिताई।

सोमवार सुबह करीब 9 बजे से शाम 7:30 बजे तक किसान और पुलिस आमने-सामने रहे। यात्रा में युवाओं के साथ 70 वर्ष तक के बुजुर्ग किसान भी शामिल रहे। प्रशासन ने पहले गांव से नर्मदापुरम शहर में प्रवेश रोका, फिर सेठानी घाट, इंदिरा चौक, भोपाल चौराहा और डोंगरवाड़ा सहित कई स्थानों पर किसानों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन किसान लगातार आगे बढ़ते रहे।

### पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने में मेरा कोई रोल नहीं : गडकरी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर एक याचिका में कहा कि पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने में उनका कोई रोल नहीं है। ये दोनों प्रोजेक्ट पूरी तरह से केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हैं। दरअसल मेटा प्लेटफॉर्म्स, एक्स और गूगल पर एथेनॉल मामले में गडकरी के कई सारे एआई-जनरेटेड डीपफेक वीडियो वायरल हो रहे हैं। गडकरी ने याचिका में कहा है कि इन वीडियो में उन्हें एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) प्रोग्राम और ई20 पहल से गलत तरीके से जोड़ा गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को डिजिटल कंटेंट के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति दे दी है।

### चुनाव का लोगों ने बहिष्कार किया था

## पीओके में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग से 8 की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुजफ्फराबाद**



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सोमवार को सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग कर दी। इसमें 8 लोगों की मौत का दावा किया गया है।

दरअसल, सोमवार को पीओके में पहले चरण के विधानसभा चुनाव थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें बहुत कम वोटिंग हुई। कई इलाकों में लोगों ने वोटिंग का बहिष्कार किया था। इस बीच, हजारों लोग चुनाव प्रक्रिया और पाकिस्तान सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़को पर उतरकर राजधानी मुजफ्फराबाद की ओर मार्च कर रहे थे। इन प्रदर्शनों का नेतृत्व जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) कर रही है। सरकार ने 5 जून को प्रस्तावित प्रदर्शन से कुछ दिन पहले ही इस संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बाद संगठन के कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया।

### सिंहस्थ-2028 की सुरक्षा का नया खाका तैयार, प्रयागराज के अनुभवों से

## उज्जैन में बनेगा अभेद्य सुरक्षा तंत्र

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 में करोड़ों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए मध्यप्रदेश पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। उज्जैन में होने वाले इस महाआयोजन की सुरक्षा व्यवस्था को देश में आयोजित बड़े धार्मिक आयोजनों के अनुभवों और आधुनिक तकनीक के समन्वय से तैयार किया जाएगा। प्रयागराज कुंभ में तैनात रहे पुलिस और रेलवे अधिकारियों के अनुभवों को सिंहस्थ की सुरक्षा योजना में शामिल किया जा रहा है।

सिंहस्थ क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को बहुस्तरीय बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों के व्यापक नेटवर्क के साथ डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और बैरिकेडिंग व्यवस्था का उपयोग किया जाएगा। भीड़ की निगरानी, नियंत्रण और संभावित घटनाओं की पहचान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक की भी सहायता ली जाएगी। सिंहस्थ ड्यूटी में तैनात होने वाले पुलिसकर्मियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित करने के लिए शुक्रवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित किया गया। इसके साथ ही सिंहस्थ की सुरक्षा तैयारियों को जमीनी स्तर पर गति देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

#### सुरक्षा के साथ संवेदनशील व्यवहार पर भी जोर

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि सिंहस्थ-2028 मध्यप्रदेश पुलिस की कार्यक्षमता, प्रबंधन क्षमता और संवेदनशीलता की बड़ी परीक्षा होगी। पुलिसकर्मियों को भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था के साथ श्रद्धालुओं के प्रति विनम्र और संवेदनशील व्यवहार का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। आपात परिस्थितियों में त्वरित निर्णय और प्रभावी कार्रवाई के लिए भी पुलिस बल को तैयार किया जाएगा।

#### 303 मास्टर ट्रेनर्स संभालेंगे प्रशिक्षण की जिम्मेदारी

सिंहस्थ की तैयारियों के तहत पुलिस मुख्यालय द्वारा पिछले कई महीनों से प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। दो चरणों में आयोजित ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में 303 मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए गए हैं। अब ये मास्टर ट्रेनर्स जिलों में जाकर पुलिसकर्मियों को सिंहस्थ ड्यूटी से संबंधित विशेष प्रशिक्षण देंगे।

### सिंधिया राजघराने के 40 हजार करोड़ के संपत्ति विवाद में नया मोड़

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर**

सिंधिया राजघराने की लगभग 40 हजार करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति को लेकर दशकों से चल रहे बहुचर्चित विवाद में एक बार फिर नया मोड़ आ गया है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनकी तीनों बुआ उषा राजे, वसुंधरा राजे तथा यशोधरा राजे के बीच संपत्ति बंटवारे को लेकर हुए समझौते पर अदालत की मुहर लगने से पहले स्वर्गीय पद्माराजे सिंधिया की पुत्री प्रतिमा देवी ने कैविएट दायर कर ननिहाल की संपत्ति पर अपना दावा पेश कर दिया है। इस घटनाक्रम के बाद अब संपत्ति विवाद में एक बार फिर ज्येष्ठाधिकार के नियम और उत्तराधिकार कानून की व्याख्या चर्चा के केंद्र में आ गई है। मंगलवार को ग्वालियर जिला न्यायालय में प्रस्तावित समझौते पर सुनवाई के दौरान अदालत इन नए दावों और उनसे जुड़े कानूनी पहलुओं पर भी विचार करेगी।

### बंगाल से उत्तराखंड तक 1500किमी तक बादल छाए

## इस हफ्ते भारी बारिश का अलर्ट

### यूपी में स्कूल नदी में समाया, मप्र में बिजली गिरने से 3 मौतें

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

देश में इस हफ्ते भारी बारिश हो सकती है। नई सैटेलाइट इमेज में पश्चिम बंगाल से उत्तराखंड तक 1500किमी एरिया में बादल छाए हुए हैं। इसकी वजह बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना डीप डिप्रेशन है।

डीप डिप्रेशन समुद्र के ऊपर बनने वाला कम दबाव का एक स्ट्रान्ग मौसम सिस्टम होता है। जिसमें हवा की रफ्तार सामान्य डिप्रेशन से अधिक होती है। जिससे भारी बारिश होती है।

मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून ट्रफ के असर से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार में भारी बारिश हो सकती है।

मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में रविवार शाम बिजली गिरने से 11 साल के एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं यूपी के बलिया में एक सरकारी स्कूल के नीचे की मिट्टी धंस गई। जिससे स्कूल नदी में समा गया।

हिमाचल प्रदेश के चंबा में सोमवार रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद कई इलाकों में मलबा घरों में घुस गया। सरोल मोहल्ले में कई घरों की पहली मंजिल मलबे में दब गई, जबकि कई वाहन भी इसकी चपेट में आ गए। वहीं शिमला में भी रात से लगातार तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 6 दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आज सिरमौर और बिलासपुर में ऑरेंज अलर्ट, जबकि शिमला, मंडी और सोलन में यलो अलर्ट है। आईएमडी ने मंडी, शिमला, सिरमौर और सोलन में फ्लैश फ्लड का खतरा जताते हुए लोगों को नदी-नालों और भूस्खलन संभावित इलाकों से दूर रहने की सलाह दी है।




### सऊदी अरब का यमन की राजधानी सना पर हमला, हूती ने शुरू की समुद्री नाकेबंदी

## मिडिल ईस्ट में शुरू हो सकती है एक नई जंग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सना/रियाद**

28 फरवरी को जब अमेरिका और ईरान के बीच जंग शुरू हुई थी, तभी माना जा रहा था कि इसमें ईरान के सहयोगी हूती विद्रोही भी कूद सकते हैं। करीब पांच महीने बाद वही आशंका सच साबित होती दिख रही है।

पिछले एक हफ्ते में हूतियों ने सऊदी अरब और रेड सी में जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन से कई हमले किए हैं। जवाब में सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने भी हूती ठिकानों पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं।

यानी करीब चार साल से किसी तरह टला हुआ यमन का युद्ध फिर भड़कने की कगार पर है। हूतियों ने सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी का ऐलान कर दिया है, जबकि दोनों तरफ से हमले लगातार बढ़ रहे हैं। इससे मिडिल ईस्ट में एक नई जंग शुरू होने का खतरा बढ़ गया है।



#### हूती और सऊदी के बीच विवाद की शुरूआत

हूती और सऊदी के बीच ताजा विवाद 13 जुलाई को शुरू हुआ। दरअसल, कुछ हूती नेता अली खामेनेई की अंतिम यात्रा में शामिल होने के बाद ईरान से यमन लौट रहे थे। लेकिन यमन की सऊदी समर्थित सरकार ने इस प्लेन को सना एयरपोर्ट पर उतरने ही नहीं दिया। यमन सरकार का कहना था कि हूती अधिकारी यमन की राष्ट्रीय एयरलाइन से ही वापस लौटें। उन्हें ईरान की एयरलाइन में आने नहीं दिया जाएगा। वहीं हूती ईरानी विमान को सीधे सना में उतारने पर अड़े रहे। इसके बाद सरकार समर्थित फोर्स ने सना एयरपोर्ट के रनवे को बम से उड़ा दिया, ताकि ईरानी विमान वहां उतर न सके। नतीजतन, हूती नेताओं वाला प्लेन सना एयरपोर्ट पर उतर ही नहीं सका। प्लेन ने अपना रास्ता बदलकर हूदैदाह एयरपोर्ट पर लैंडिंग की, जो हूतियों के कंट्रोल में है।

## खबर एक नजर...

### बच्चों को बांटे स्कूल बैग, दी गुरुओं के सम्मान की सीख

**उज्जैन।** भारतीय सेन समाज के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मनोहर परमार एवं आशा परमार की नातिन विदुषी सेन के जन्मदिन के अवसर पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय दीनदयाल मोतीनगर में स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन सेन तथा विशेष अतिथि सचिन वर्मा थे। इनके अलावा अतिथि आयुष मिश्रा, अनिल जुनवाल, रमेश सौभाग्य और मनोज गहलोत की उपस्थिति में बच्चों को बैग वितरित किए गए। बच्चों को संबोधित करते हुए मनोहर परमार ने कहा कि हमेशा गुरुओं और अपने से बड़ों का आदर करना चाहिए, क्योंकि गुरु ही आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने बच्चों को 'पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब' की सीख भी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन संध्या सारड़ा ने किया। अंत में आभार मीनाक्षी बारोड़ ने माना। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी सरिता पारिख द्वारा दी गई।

### ओपी सोनी स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश स्वर्णकार समाज कल्याण समिति के प्रांतीय चुनाव रविवार 26 जुलाई को भोपाल में संपन्न हुए। इसमें सर्वाधिक मत प्राप्त कर ओपी सोनी प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं, उज्जैन की डॉ. भारती वर्मा सोनी को प्रदेश महिला कार्यकारी अध्यक्ष और भेरूंदा (नसरुल्लागंज) के अजय सोनी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है। भोपाल के जहांगीराबाद चौराहा स्थित महावीर जैन धर्मशाला में यह मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से समाज के महिला और पुरुष मतदाता शामिल हुए। निर्वाचन प्रक्रिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट पीएन स्वर्णकार और उप निर्वाचन अधिकारी कलेक्ट्रेट भोपाल के विनोद सोनी व एडवोकेट तरुण सोनी ने संपन्न कराई। तीनों प्रमुख पदाधिकारियों के निर्वाचन पर प्रदेशभर के समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भाजयुमो ने मशाल यात्रा निकाली

**उज्जैन।** कारगिल विजय दिवस पर भाजयुमो ने विशाल मशाल यात्रा निकाली। टावर चौक से शहीद पार्क तक देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर शहीदों को पुष्पांजलि दी एवं दीप प्रज्वलन किया। 26 जुलाई रविवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष नीतिन सेन के नेतृत्व में रविवार शाम विशाल मशाल यात्रा का आयोजन किया गया। देश के वीर शहीदों को नमन करने और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने के उद्देश्य से निकाली गई यह यात्रा टावर चौक से प्रारंभ हुई। हाथों में तिरंगा और मशाल लेकर सैकड़ों भाजयुमो कार्यकर्ता ₹भारत माता की जय₹ और ₹वंदे मातरम₹ के नारों के साथ शहर की प्रमुख सड़कों से गुजरे। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर देशभक्ति गीतों की गूंज रही। राहगीरों और दुकानदारों ने भी पुष्प वर्षा कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### प्रभु प्रेमी संघ परिवार 29 मनाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**उज्जैन।** स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज की संस्था प्रभु प्रेमी संघ परिवार के अनुयायियों द्वारा 29 जुलाई बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन जंतर मंतर के आगे और होटल अथर्व के सामने स्थित गंगा गार्डन में दोपहर 4 बजे से होगा। महोत्सव के दौरान मुख्य रूप से नृत्य नाटिका की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, ऊं का जाप, श्री हनुमान चालीसा पाठ और भजन संध्या का विशेष आयोजन भी किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष अजय पाण्डे ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में सभी श्रद्धालु सादर आमंत्रित हैं।

### महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. अभिषेक दास महाराज 'सिटी एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित

**उज्जैन।** आदि शक्ति गोरक्षा अखाड़ा के महामंडलेश्वर और प्रख्यात अध्यात्म गुरु स्वामी डॉ. अभिषेक दास जी महाराज को 'भारत गुड टाइम्स' द्वारा 'उज्जैन सिटी एक्सीलेंस अवार्ड-26' से सम्मानित किया गया है। इससे पूर्व उन्हें भारत के टॉप 100 की प्रथम श्रेणी में भी शामिल किया जा चुका है। कम उम्र में 90 से अधिक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय अवार्ड और 5 वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल कर चुके स्वामी डॉ. अभिषेक दास को यह सम्मान मुख्य रूप से समाजसेवा, नव-युवाओं में आध्यात्म की लगन जगाने और उन्हें व्यसनों से दूर करने के लिए दिया गया है। नशामुक्ति के प्रति उनकी प्रेरक व सहज संवाद शैली से युवा वर्ग खासे प्रभावित हैं। स्वामी जी विश्वविख्यात जगद्गुरु श्री पटिया वाले बाबा सरकार (करह धाम) के शिष्य हैं।

-रेलवे ने श्रावण मास के तहत अपनी तैयारी को पटरी पर अंजाम दिया

# आज से उज्जैन-भोपाल के मध्य चलेंगी तीन जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनें

## यात्रियों की सुविधा के लिए अनारक्षित ट्रेनों का संचालन 8 सितंबर तक होगा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

12 ज्योर्तिलिंगों में भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शनों के लिए श्रावण मास में श्रद्धालुओं की अपार आस्था उज्जैन पहुंचेगी। इसको देखते हुए पूर्व वर्षों की तरह रेलवे ने श्रावण मास की शुरूआत से तीन दिन पूर्व ही अपनी तैयारी को पटरी पर उतार दिया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल 28 जुलाई से 08 सितम्बर तक तीन जोडी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन उज्जैन झभोपाल के मध्य करेगा।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार उज्जैन एवं सीहोर क्षेत्र में श्रावण मास के दौरान अतिरिक्त यात्रियों को समायोजित करने के लिए उज्जैनझभोपाल के मध्य तीन जोड़ी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया गया है।

### आज से शुरू होगा तीनों का संचालन

सुबह 9 बजे पहली- गाड़ी संख्या 09305/09306 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर-उज्जैन मेला स्पेशल- गाड़ी संख्या 09305 उज्जैनझसंत हिरदाराम नगर मेला स्पेशल 28 जुलाई, 2026 से 08 सितम्?बर, 2026 तक उज्जैन से प्रतिदिन 09.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 13.30 बजे संत हिरदाराम नगर पहुँचेगी।

इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 09306 संत हिरदाराम नगरझउज्जैन मेला स्पेशल 28 जुलाई, 2026 से 08 सितम्?बर, 2026 तक संत हिरदाराम नगर से प्रतिदिन 14.20 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 19.30 बजे उज्जैन पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल एवं सीहोर स्टेशनों पर ठहरेगी।

**अपरांह 4 बजे दुसरी** -गाड़ी संख्या 09313/09314 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर-उज्जैन मेला स्पेशल गाड़ी संख्या 09313 उज्जैनझसंत हिरदाराम नगर मेला स्पेशल 28 जुलाई, 2026 से 08 सितम्बर, 2026 तक उज्जैन से प्रतिदिन 16.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 00.10 बजे संत हिरदाराम नगर पहुँचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 09314 संत हिरदाराम नगरझउज्जैन मेला स्पेशल 29 जुलाई, 2026 से 09 सितम्?बर, 2026 तक संत हिरदाराम नगर से प्रतिदिन 01.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 06.00 बजे उज्जैन पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, एवं सीहोर स्टेशनों पर रुकेगी।

रात 9 बजे तीसरी- गाड़ी संख्या 09307/09308 उज्जैन-भोपाल-उज्जैन मेला स्पेशल- गाड़ी संख्या 09307 उज्जैनझभोपाल मेला स्पेशल 28 जुलाई, 2026 से 08 सितम्बर, 2026 तक उज्जैन से प्रतिदिन 21.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 02.20 बजे भोपाल पहुँचेगी।

जैन साध्वी वृंद का मंगल प्रवेश, जयकारों से गूंजा उज्जैन

# विनय से मिलता है सुख, चातुर्मास आराधना को चरित्र में उतारने का आह्वान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद विजय नित्यसेन सुरीश्वर और आचार्य श्रीमद विजय जयरत्न सूरिश्वर की आज्ञावर्तिनी साध्वी अनन्तदृष्ठा एवं साध्वी मयूरकला की शिष्या साध्वी रिद्धिनिधि म.सा. आदि ठाणा 6 का सोमवार को चातुर्मास के लिए शहर में भव्य सामैया जुलूस के साथ मंगल प्रवेश हुआ। प्रातः 9 बजे महाराष्ट्र समाज धर्मशाला क्षीरसागर से शुरू हुए इस मंगल प्रवेश में महिला मंडल ने विभिन्न मार्गों पर गहुली कर स्वागत किया। नवयुवक व तरुण परिषद उल्लास के साथ नारों से गूंजायमान रहे, वहीं बहु परिषद सदस्य स्तवन और पाठशाला के बच्चे साइकिल रैली के साथ आगे चल रहे थे। नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ जुलूस महावीर जैन रंगमहल धर्मशाला पहुंचा, जहां यह धर्मसभा में परिवर्तित हो गया।

धर्मसभा में मुख्य अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और मध्य प्रदेश गृह निर्माण अध्यक्ष ओम जैन ने सार्थक चातुर्मास के लिए साध्वी के प्रवचनों और ज्ञान आराधना को चरित्र में उतारने का आह्वान किया। अतिथियों के साथ संघ के संरक्षक माणकलाल गिरिया, राजबहादुर मेहता, शांतिलाल रुनवाल, हुकुमचंद चोरडिया, दीपक डागरिया, रजत मेहता, अनिल रुनवाल, सुधीर मेहता, संजय गिरिया और अवि नाहटा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन सचिव संजय कोठारी ने किया। महिला एवं बहु परिषद द्वारा सामूहिक गुरु वंदन के पश्चात संघ अध्यक्ष मदनलाल रुनवाल और ट्रस्टी अजय गिरिया ने स्वागत उद्बोधन दिया। आभार पूर्व अध्यक्ष मनीष कोठारी ने माना।

इस अवसर पर संजय, अजय और रमणिक लाल गिरिया परिवार की ओर से नवकारसी तथा जयंतीलाल, राजेन्द्र और लाभेश कोठारी परिवार की ओर से स्वामीवात्सल्य का लाभ लिया गया। प्रताप, राजबहादुर और सुधीर मेहता परिवार ने गुरुदेव राजेंद्र सूरीश्वर का रजत चित्रपट संघ को भेंट किया। भेरूलाल, प्रमोद तांतेड परिवार ने पूर्ण चातुर्मास में बहुमान का तथा सुशीला देवी, कंचन बाई, रमणिक लाल कोठारी परिवार ने साध्वी वृंद को कांबली ओढ़ाने का लाभ लिया। सराफा मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, नयापुरा संघ अध्यक्ष सुरेश पगारिया, अखिल भारतीय राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र दंगवाडा, राष्ट्रीय मंत्री शैलेश ओरा, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ब्रजेश बोहरा और प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप वोरा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। गायक राजेन्द्र पटवा ने संगीतमयी स्तवन प्रस्तुत किए।

चातुर्मास समिति के मीडिया प्रभारी नरेन्द्र तल्लेरा, वीरेन्द्र गोलेचा और नितेश नाहटा ने बताया कि ट्रस्टी नरेश बाफना, श्रेणीक लूनावत, सुनील मेहता, अभिनंदन कंकरेचा, नवीन बाफना, मनोज पगरिया, महिला परिषद अध्यक्ष शकुंतला डागरिया और बहु परिषद अध्यक्ष प्रमिला तल्लेरा ने सभी अतिथियों का बहुमान किया। धर्मसभा में साध्वी ने प्रवचन देते हुए कहा कि मान की जगह विनय ही सुख का प्रमुख आधार है।

## नरवर थाने पहुंचे स्कूली बच्चे, पुलिसिंग के साथ सीखी साइबर सुरक्षा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित आलोक इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण के तहत नरवर थाने का दौरा किया। यहां पुलिस अधिकारियों ने पूर्व-प्राथमिक और प्राथमिक कक्षाओं के छोटे बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी सरल भाषा में दी। साथ ही उन्हें साइबर फ्रॉड और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया।

भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने बच्चों को अनजान व्यक्तियों से सावधानीपूर्वक व्यवहार करने, मोबाइल पर आने वाले किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के तरीके विस्तार से समझाए। इसके अलावा, आपातकालीन परिस्थितियों में सही कदम उठाने और सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने की सीख भी दी गई। बच्चों ने थाना परिसर का अवलोकन कर पुलिस के कामकाज को करीब से देखा और अधिकारियों से सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं।

इस अवसर पर स्कूल की एडमिनिस्ट्रेटर सुश्री नेहा झा, अभिषेक वशिष्ठ सहित अन्य शिक्षक और स्टाफ मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन ने नरवर थाना पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि इस तरह के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक जागरूकता के लिए बेहद उपयोगी होते हैं।

# भारतीय शिक्षा व्यवस्था राष्ट्र निर्माण और चरित्र विकास की आधारशिला




ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

निर्मला महाविद्यालय, निर्मला शिक्षा महाविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को भारतीय शिक्षा दिवस समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय शिक्षा, संस्कार, आत्मनिर्भरता और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर निर्मला महाविद्यालय के निदेशक फादर डॉ. एंटोनी जोसेफ निरपपेल, अकादमिक निदेशक डॉ. कीर्ति डिड्डी, निर्मला शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पंकजा सोनवलकर सहित शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के पदाधिकारी, प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

संगोष्ठी में डॉ. राममोहन शुक्ल ने चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास, डॉ. राकेश ढण्ड ने शिक्षा से आत्मनिर्भर भारत, डॉ. आशुतोष व्यास ने प्रबंधन शिक्षा में भारतीय दृष्टि, डॉ. प्रशांत पौराणिक ने पर्यावरण शिक्षा, डॉ. प्रेरणा मनाना ने महिला कार्य, डॉ. जफर महमूद ने प्रचार-प्रसार, डॉ. सत्यनारायण शर्मा ने भारतीय भाषा अभियान और डॉ. राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने वैदिक गणित विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने कहा कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, चरित्र निर्माण, राष्ट्र निर्माण और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा, मातृभाषा आधारित शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. पंकजा सोनवलकर द्वारा किया गया

प्रेमचंद का साहित्य समाज की संवेदनाओं का जीवंत दस्तावेज

# संस्कार भारती और विक्रमादित्य विवि की संगोष्ठी में प्रेमचंद की रचनाओं के नाटकीय तत्वों पर हुआ विमर्श

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं केवल साहित्य नहीं हैं, बल्कि यह भारतीय समाज की संवेदनाओं का जीवंत दस्तावेज हैं। उनके कथा-साहित्य में दृश्यात्मकता, संवाद, चरित्रों की सहजता और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। यही खूबियां उन्हें रंगमंच के लिए अत्यंत उपयुक्त बनाती हैं। यह विचार भोपाल के वरिष्ठ रंगकर्मी, लेखक और चिंतक संजय मेहता ने रविवार को शलाका दीर्घा सभागृह में व्यक्त किए।

वे संस्कार भारती उज्जैन महानगर और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कला शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मासिक संगोष्ठी श्रृंखला 'कला विमर्श' में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। संगोष्ठी का विषय 'दृश्य और संवेदनाएं- प्रेमचंद की रचनाओं में नाटकीय तत्व' था। मेहता ने भरतमुनि के नाट्यशास्त्र का उल्लेख करते हुए कहा कि नाट्य जीवन का समग्र प्रतिबिंब है। साहित्य और रंगमंच का संबंध मनुष्य की संवेदनाओं से है। प्रेमचंद के पात्र आज भी हमारे समय के प्रश्नों से संवाद करते हैं, यही उनकी कालजयी प्रासंगिकता है। उन्होंने कहा कि नाट्य का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करना भी है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे संस्कार भारती के अखिल भारतीय सह कोष प्रमुख श्रीपाद जोशी ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य आज भी मानवीय मूल्यों, सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक दृष्टि का सशक्त स्रोत है। उन्होंने युवा पीढ़ी से भारतीय साहित्य और रंगपरंपरा के गंभीर अध्ययन व मंचीय प्रयोगों से जुड़ने का आह्वान किया। व्याख्यान के बाद प्रश्नोत्तरी सत्र में विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने प्रेमचंद के साहित्य, रंगभाषा और समकालीन रंगमंच से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनके मुख्य वक्ता ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिए।

संस्था के सह प्रचार प्रमुख मुकेश पंड्या और मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुआ। उज्जैन महानगर अध्यक्ष माया बदेका ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी की भूमिका और समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

गुरु पूर्णिमा पर 50 से अधिक परिवार करेंगे माता-पिता का चरण पूजन

# तेरा तुझको अर्पण संस्था मनाएगी जनक-जननी उपासना पर्व, संस्कार और पारिवारिक समन्वय पर रहेगा जोर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सामाजिक संस्था तेरा तुझको अर्पण सेवा संस्थान द्वारा गुरु पूर्णिमा पर जनक-जननी उपासना पर्व मनाया जाएगा। इसके तहत प्रातः 10 बजे मातृ-पितृ चरण पूजन-वंदन कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें 50 से अधिक परिवार अपने माता-पिता का चरण पूजन करेंगे। वहीं, 500 से अधिक लोग इस आयोजन के विहंगम दृश्य के साक्षी बनेंगे।

संस्था अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक धनंजय शर्मा ने बताया कि देवगुरु बृहस्पति और मातृ-पितृ भक्त श्रवणकुमार के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से शुभारंभ होगा। श्रेष्ठ आचार्यों द्वारा स्वस्तिवाचन और शुभाशीष रूपी मंत्रोच्चार के बीच पूर्ण विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम में संतानों द्वारा दूध व जल से माता-पिता के चरण पखारे जाएंगे। इसके बाद इत्र, कुमकुम, अबीर, गुलाल, चंदन, चावल और पुष्प अर्पित कर उन्हें पगड़ी, दुपट्टा व माला पहनाई जाएगी। वंदनीय तिलक लगाकर आरती की जाएगी और पुष्पवर्षा के साथ जनक-जननी का अभिषेक होगा।

शर्मा के अनुसार, शास्त्रों में माता-पिता को प्रथम गुरु माना गया है, इसलिए गुरु पूर्णिमा पर उनकी पूजा करना संतानों का दायित्व है। संस्था का मुख्य उद्देश्य युवाओं और परिवारों में इसी आदर्श संस्कार की स्थापना करना है। इस आयोजन के माध्यम से वर्तमान में विखंडित हो रहे परिवारों के बीच की दूरियां और संवादहीनता खत्म कर सामंजस्य, एकता, शुचिता और श्रेष्ठ भाव की परंपरा स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त जानकारी संस्था के प्रमित सक्सेना ने दी।

### गो-सम्मान के लिए निकली विशाल रैली

**उज्जैन।** गो सम्मान आह्वान अभियान के बैनर तले सोमवार को उज्जैन में गौ माता के सम्मान, संरक्षण और सेवा के लिए केंद्रीय कानून बनाने की मांग को लेकर विशाल रैली निकाली गई। रैली फ्रीगंज स्थित दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कोठी पैलेस स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली में बड़ी संख्या में साधु-संत, गौ-भक्त, युवा और सनातन धर्मावलंबी शामिल हुए। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने गौ माता के सम्मान और संरक्षण के समर्थन में नारे लगाए तथा केंद्र सरकार से गोवंश की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की।स्वामी हसानंद महाराज एवं प्रताप सिंह आर्य ने बताया कि वर्तमान समय में गौवंश की स्थिति चिंताजनक है। कई स्थानों पर दुर्घटना या मृत्यु के बाद गौवंश के शव घंटों तक सड़कों पर पड़े रहते हैं, जिससे उनकी गरिमा को ठेस पहुंचती है।

## छाक लीला मनोरथ पर दुर्गेश्वर महादेव का मावे से श्रृंगार कर लगाया छप्पन भोग

### श्री वल्लभ वैष्णव मंडल का आयोजन, महाआरती के बाद वैष्णवजनों ने लिया प्रतियोगिताओं में भाग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के तत्वावधान में 84वें छाक लीला मनोरथ के अवसर पर दुर्गेश्वर महादेव का मावे से आकर्षक श्रृंगार कर 56 भोग लगाया गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि यह आयोजन महिला मंडल एवं युवा मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

महादेव का विशेष श्रृंगार मंडल अध्यक्ष जयेश श्रॉफ और बसंत नागर ने किया। श्रृंगार दर्शन के पश्चात महाआरती संपन्न हुई। इस अवसर पर मंडल द्वारा विभिन्न प्रकार के गेम और हाउजी का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों वैष्णवजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मंडल के पदाधिकारियों ने आयोजन के संयोजकों को उपरना पहनाकर सम्मानित किया।

### पुष्टिमार्ग संप्रदाय में विशेष है छाक लीला

पुष्टिमार्ग संप्रदाय के मंदिरों और हवेलियों में छाक लीला एक प्रमुख उत्सव के रूप में मनाई जाती है। इसमें झांकी सजाकर भगवान को विशेष भोग अर्पित किया जाता है। यह लीला भगवान श्रीकृष्ण द्वारा ब्रज में ग्वाल-बालों और गोपियों के साथ की गई एक दिव्य और वात्सल्यपूर्ण लीला है। इसका मुख्य महत्व सर्वशक्तिमान ईश्वर और उनके भक्तों के बीच के मधुर, प्रेमपूर्ण और आत्मीय संबंध को दशार्ना है।

उज्जैन
मंगलवार
28
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

तद्‌बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः।
गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः ॥

**अर्थः** जिनका मन तद्रूप हो रहा है, जिनकी बुद्धि तद्रूप हो रही है और सच्चिदानन्दघन परमात्मा में ही जिनकी निरंतर एकीभाव से स्थिति है, ऐसे तत्परायण पुरुष ज्ञान द्वारा पापरहित होकर अपुनरावृत्ति को अर्थात परमगति को प्राप्त होते हैं।

## खबर एक नजर...

### इंदौर के वकील से 1.40 लाख की ऑनलाइन ठगी

**इंदौर।** एक वकील को ऑनलाइन ट्रैवल पैकेज के नाम पर 1.40 लाख रुपए की ठगी का शिकार बनाया गया। आरोपियों ने पहले अखबार में विज्ञापन के जरिए संपर्क कराया, फिर व्हाट्सएप पर यात्रा का पैकेज भेजकर एडवांस राशि जमा करवा ली। टिकट नहीं मिलने और रकम वापस नहीं करने पर पीड़ित ने एमजी रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एमजी रोड थाना पुलिस के अनुसार, वकील राकेश लाड ने शिकायत दर्ज कराई कि करीब 15 दिन पहले उनके घर आने वाले सुबह के अखबार में 'स्वास्तिक टूर' के नाम से यात्रा पैकेज का एक पम्पलेट मिला था। इसमें दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर प्रवीण घोडके नामक व्यक्ति ने व्हाट्सएप के माध्यम से दक्षिण भारत यात्रा का पैकेज भेजा। राकेश लाड ने वाराणसी, अयोध्या, रामेश्वरम सहित अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा का अलग प्लान मांगा। 16 जुलाई को उन्हें चार लोगों के लिए 2.34 लाख रुपए का टूर पैकेज भेजा गया और कुल राशि का 60 प्रतिशत एडवांस जमा करने के लिए कहा गया। साथ ही एक क्यूआर कोड भेजा गया, जिस पर उन्होंने दो किश्तों में करीब 1.40 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों ने 24 घंटे के भीतर टिकट भेजने का भरोसा दिया, लेकिन टिकट जारी नहीं किए। संपर्क करने पर लगातार अलग-अलग बहाने बनाकर तारीख टालते रहे। जब पीड़ित ने राशि वापस मांगी तो आरोपियों ने खाते में प्रतीकात्मक रूप से 1 रुपया भेजकर शेष रकम आरटीजीएस से लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन न तो टिकट मिले और न ही पैसे वापस किए गए। इसके बाद 24 जुलाई को राकेश लाड ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की। कोई कार्रवाई नहीं होने पर 26 जुलाई को एमजी रोड थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### हाथ-पैर में पट्टी बांधकर निकाला जुलूस, जेल जाते वक्त खोली

**इंदौर।** इंदौर पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला। इस दौरान बदमाशों के हाथ-पैर में पट्?टी बंधी थी। लेकिन जब उनको जेल भेजा जा रहा था, तब उनके हाथ-पैर में पट्?टी नहीं थी। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसके बाद पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है। मामला हीरानगर थाना इलाके का है, जहां 23 जुलाई को कार और बाइक की टक्कर के बाद दो गुटों में विवाद हो गया था। मामले में पुलिस ने शोभित साक्यवार, निक्की अहिरवार, ओम उर्फ देवाय और एक अन्य आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। रविवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला गया। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजने के आदेश हुए। देर रात सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें जेल गेट के बाहर खड़े आरोपियों को पट्टियां बंधी नहीं दिखीं। वे पास ही दीवार किनारे पड़ी थीं।

### अतिजर्जर मकान पर चली निगम की पोकलेन-जेसीबी

**इंदौर।** इंदौर के एमजी रोड (जेल रोड के समीप) पर नगर निगम ने सोमवार को अतिजर्जर मकान को जमींदोज करने की कार्रवाई की। इसके पहले भी निगम कार्रवाई करने पहुंची थी, लेकिन उस समय कार्रवाई नहीं कर पाई थी। सोमवार को नगर निगम का अमला दलबल के साथ पोकलेन और जेसीबी मशीन लेकर पहुंचा। मेन रोड के बजाए टीम ने मकान के पिछले हिस्से से मशीन लगाकर मकान को धराशाही करने की कार्रवाई की। हालांकि इस दौरान रोड चालू था। जर्जर स्थिति में होने के चलते चंद ही मिनट में मकान जमींदोज हो गया। भवन अधिकारी पल्लवी पाल ने बताया कि झोन नंबर 3 में जेल रोड पर एक मकान पर रिमूवल की कार्रवाई की गई। ये मकान 100 से 125 साल पुराना था और अति जर्जर स्थिति में था। पूर्व में मकान मालिक को नोटिस भी दिए हुए है। यहां कोई रह नहीं रहा था। मगर नीचे दो दुकानें थी। जिन्हें खाली करा लिया गया था। पिछले सोमवार को भी रिमूवल की कार्रवाई के लिए टीम पहुंची थी, लेकिन कोर्ट की केस की जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई नहीं की। आज यहां पर कार्रवाई की गई। निगम की कार्रवाई के चलते एमजी रोड पर कृष्णपुरा से कोठारी मार्केट जाने वाले रास्ते के बीच जाम की स्थिति बनती रही। कार्रवाई के चलते गाड़ी धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी। कार्रवाई के बाद नगर निगम की टीम मलवा साफ करने में लगी थी।

### महू में छात्रों ने निकाली नशामुक्ति जागरूकता रैली

**महू।** महू पुलिस ने सोमवार को आज ह्यनशे से दूरी है जरूरी जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत शहर में पैदल रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। रैली में उत्कृष्ट विद्यालय, सीबी गर्ल्स स्कूल, भेरूलाल पाटीदार विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स और यशवंत पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली की शुरूआत सीबी गर्ल्स स्कूल से हुई। विद्यार्थी शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकले। उनके हाथों में नशामुक्ति और स्वस्थ जीवन से जुड़े संदेश लिखी तख्तियां थीं। विद्यार्थियों ने लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। सीबी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसमें नशे के दुष्परिणामों को दर्शाते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कृष्ण, एसडीओपी ललित सिंह सिकरवार सहित महू थाने का पुलिस बल मौजूद रहा।

---

### इंदौर निगम के अधिकारी, ठेकेदार समेत 32 आरोपी, ईडी ने अटैच की 59.18 करोड़ की संपत्ति

# 103.42 करोड़ के घोटाले में 20 हजार पन्नों का चालान

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर नगर निगम के 103.42 करोड़ रुपए के फर्जी बिल घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। इंदौर सब-जोनल कार्यालय ने सोमवार को 32 आरोपियों के खिलाफ 20 हजार से अधिक पन्नों का अभियोजन शिकायत पत्र (प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट) विशेष पीएमएलए कोर्ट में पेश किया है।

आरोपियों में ठेकेदार, नगर निगम के अधिकारी, लोकल फंड ऑडिट और रेजिडेंट ऑडिट कार्यालय के अधिकारी तथा निजी व्यक्ति शामिल हैं। जांच में सामने आया कि फर्जी वर्क ऑर्डर, जाली बिल, फर्जी मापन पुस्तिकाओं (एमबी), झूठे पूर्णता प्रमाणपत्र और छेड़छाड़ की गई नोटशीट के जरिए 103.42 करोड़ रुपए की सरकारी राशि का गबन किया गया।




एऊ अब तक 59.18 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच, जब्त या फ्रीज कर चुकी है। मामले में कथित मास्टरमाइंड अभय सिंह राठौर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। बता दें कि 5 और 6 अगस्त 2024 को इंदौर समेत 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

**20 ठिकानों पर छापे, 22.04 करोड़ की संपत्ति फ्रीज-** ईडी ने 5 और 6 अगस्त 2024 को इंदौर समेत 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। कार्रवाई के दौरान करीब 22.04 करोड़ रुपए की नकदी, बैंक खातों की राशि, एफडी, डीमैट होल्डिंग्स और म्यूचुअल फंड फ्रीज या जब्त किए गए। साथ ही कई अहम दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य भी बरामद हुए, जिनके आधार पर आगे की जांच बढ़ाई गई।

**52 अचल संपत्तियां अटैच, कुल कार्रवाई 59.18 करोड़ तक पहुंची-** जांच के बाद ईडी ने पीएमएलए के तहत दो अस्थायी कुर्की आदेश जारी कर 37.14 करोड़ रुपए मूल्य की 52 अचल संपत्तियां अटैच कीं। इनमें मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्थित व्यावसायिक भवन, मकान, भूखंड और कृषि भूमि शामिल हैं। इस तरह अब तक कुल 59.18 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच, जब्त या फ्रीज की जा चुकी है।

#### फर्जी दस्तावेजों से निकाले 103.42 करोड़ रुपए

ईडी ने जांच एमजी रोड थाने में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। जांच में पाया गया कि कुछ ठेकेदारों ने नगर निगम और लोकल फंड ऑडिट कार्यालय के अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी वर्क ऑर्डर, जाली बिल और अन्य दस्तावेज तैयार कर सरकारी खजाने से 103.42 करोड़ रुपए निकाल लिए। इनमें कई ऐसे कार्यों के भी भुगतान किए गए, जो कभी हुए ही नहीं या पहले ही पूरे किए जा चुके थे।

#### नकद निकाली रकम, फिर संपत्तियां खरीदीं

ईडी के अनुसार घोटाले से निकाली गई राशि पहले नकद निकाली गई। इसके बाद अलग-अलग लाभार्थियों में बांटी गई और फर्जी व्यावसायिक लेनदेन के जरिए अन्य संस्थाओं में ट्रांसफर की गई। जांच में यह भी सामने आया कि इस रकम का उपयोग चल-अचल संपत्तियां खरीदने और निजी खर्चों में किया गया, ताकि अपराध से अर्जित धन को वैध दिखाया जा सके।

#### मास्टरमाइंड समेत तीन गिरफ्तार, कोर्ट ने जारी किए समन

- जांच के दौरान ईडी ने घोटाले के कथित मास्टरमाइंड अभय सिंह राठौर के साथ मोहम्मद जाकिर और राहुल बडेरा को पीएमएलए की धारा-19 के तहत गिरफ्तार किया। एजेंसी का आरोप है कि तीनों ने घोटाले की साजिश रची और अपराध से अर्जित धन को वैध बनाने में केंद्रीय भूमिका निभाई।
- ईडी ने विशेष पीएमएलए कोर्ट से अटैच, जब्त और फ्रीज की गई संपत्तियों को कन्फिस्केट करने की मांग भी की है। अदालत ने सभी 32 आरोपियों को नोटिस/समन जारी कर मामले की अगली सुनवाई की तारीख तय कर दी है।

---

### महेश्वर घूमने आया था परिवार, पत्नी-भाई चीखते रहे, तेज बहाव में ओझल हुआ

# नर्मदा में बहा इंदौर का युवक, 9 घंटे बाद मिला शव

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

खरगोन जिले के महेश्वर में सहस्त्रधारा घाट पर इंदौर का 30 वर्षीय युवक अर्पित हाड़ा परिवार के सामने नर्मदा की तेज धारा में बह गया। पत्नी और भाई मदद के लिए चीखते रहे। देखते ही देखते वह कुछ ही सेकेंड में ओझल हो गया। इसका वीडियो भी सामने आया है। ?सोमवार को करीब 9 घंटे की सर्चिंग के बाद शव बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना रविवार शाम करीब 5 बजे की है। सूचना मिलने पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने सर्चिंग शुरू की। शाम से रात तक पुलिस, होमगार्ड और गोताखोरों ने तलाश की, लेकिन उसका सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह से फिर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। घटनास्थल पर पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम नाव से सर्च किया। शाम करीब 5 बजे नदी से शव बरामद किया गया।

**घूमने गए थे, पैर फिसलने से हुआ हादसा-** अर्पित हाड़ा इंदौर के निपानिया क्षेत्र के रहने वाले थे। वे परिवार के पांच सदस्यों के साथ महेश्वर और आसपास के पर्यटन स्थलों पर घूमने आए थे। महेश्वर दर्शन के बाद शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच वे जलकोटी स्थित सहस्त्रधारा पहुंचे। नर्मदा में स्नान के दौरान उनका पैर फिसला और वे गहरे पानी के साथ तेज बहाव में चले गए।



**नदी में उतरने कोई हिम्मत नहीं कर सका-** अर्पित को बहता देख उनकी पत्नी और भाई ने शोर मचाकर लोगों से मदद मांगी। आसपास मौजूद नाविक, ग्रामीण और पर्यटक दौड़कर पहुंचे, लेकिन तेज बहाव, गहरे पानी और पथरीले इलाके की वजह से कोई भी नदी में उतरने की हिम्मत नहीं कर सका। कुछ ही सेकेंड में अर्पित तेज धारा में ओझल हो गए।

**रात तक तलाश, सुबह से फिर सर्चिंग जारी-** सूचना मिलते ही महेश्वर पुलिस, होमगार्ड की रेस्क्यू टीम और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे। टीम ने नर्मदा के विभिन्न कुंडों और बहाव वाले हिस्सों में देर शाम तक तलाश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण ऑपरेशन रोकना पड़ा था।

**घर से निकले वक्त कहा था जल्दी लौट आऊंगा-** लापता युवक के पिता अमर सिंह हाडा ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 1 बजे वह दोस्त की फैमिली व खुद की फैमिली के साथ इंदौर से निकला था। गाड़ी में एक बच्चे समेत 5 लोग थे। घर से निकलते वक्त उसने यह तो कहा था कि वह बाहर जा रहा है और जल्द लौट आएगा, लेकिन महेश्वर जाने की बात नहीं बताई थी। नर्मदा के तेज बहाव में वह बह गया।

#### श्रद्धालुओं से तेज बहाव से दूर रहने की अपील

पिता ने कहा- हमारा बेटा अर्पित 'जैविक पोषण ऑल इंडिया' नाम से खुद का व्यापार चलाता है। उसकी शादी को करीब 5 साल हो चुके हैं, बहू का नाम पूजा है और उनका एक 3 साल का बेटा भी है।

थाना प्रभारी ने बताया कि जलकोटी-सहस्त्रधारा का इलाका तेज बहाव, गहरे पानी और पथरीले तल के कारण बेहद जोखिम भरा है। उन्होंने पर्यटकों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि अनजान या गहरे पानी वाले स्थानों पर स्नान करने से बचें।

**3 महीने में नर्मदा घाट क्षेत्र में डूबने की चौथी घटना-** पिछले तीन महीनों में सहस्त्रधारा और नर्मदा घाट क्षेत्र में डूबने या तेज बहाव में बहने की यह चौथी घटना है। इससे पहले 11 मई, 10 जून और 27 जून को भी ऐसे हादसे हो चुके हैं। ग्राम जलकोटी स्थित सहस्त्रधारा क्षेत्र में पर्याप्त होमगार्ड गोताखोर नहीं होने से ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। एसडीएम पूर्वा मंडलोई ने बताया कि क्षेत्र में स्थायी गोताखोरों और पुलिस बल की तैनाती के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

---

# इंदौर में 8 करोड़ की शासकीय राशि का गबन

### पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड लिया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में करीब 8 करोड़ रुपए के शासकीय धन के गबन से जुड़े बहुचर्चित मामले में रावजी बाजार थाना पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी के बैंक खाते में शासकीय राशि ट्रांसफर की गई थी। कोर्ट से तीन दिन का पुलिस रिमांड मिलने के बाद उससे पूछताछ की जा रही है।

रावजी बाजार थाना पुलिस के अनुसार, 23 मार्च 2023 को तत्कालीन संयुक्त कलेक्टर मुनीष सिंह सिकरवार की शिकायत पर इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। प्रकरण में मिलाप चौहान, रंजीत करोड़, मनीषा चौहान, राहुल चौहान सहित अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने आपसी साजिश के तहत जिला कोषालय से विफल (फेल) बैंक खातों की जानकारी हासिल की। इसके बाद पात्र हितग्राहियों के खातों के स्थान पर अपने, परिजनों, दोस्तों और परिचितों के बैंक खातों के



नंबर दर्ज कर फर्जी स्वीकृति आदेश तैयार किए।

देयकों को दोबारा जनरेट कर शासकीय राशि विभिन्न निजी खातों में ट्रांसफर की गई, जिससे करीब 8 करोड़ रुपए का गबन किया गया।

इसी मामले में पुलिस ने सोमवार को सर्वहारा नगर, परदेशीपुरा निवासी मनोज उर्फ हल्लू को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि सह-आरोपी रंजीत करोड़ ने शासकीय मद से मनोज के बैंक खाते में 13 लाख 72 हजार रुपए ट्रांसफर किए थे। पुलिस का दावा है कि इस राशि का उपयोग आरोपी और उसके साथियों ने किया। मामले में पुलिस अब रिमांड के दौरान राशि के उपयोग और अन्य आरोपियों की भूमिका को लेकर पूछताछ कर रही है।

---

# इंदौर-उज्जैन रोड पर डेढ़ घंटे जाम

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर-उज्जैन रोड पर सोमवार को लोगों को भारी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। अरविंदो हॉस्पिटल के सामने से लेकर परली टोल नाका तक करीब डेढ़ घंटे तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही। मरीज को लेने जा रही एक एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही। जाम के कारण लोगों को परेशाानियों का सामना करना पड़ा।

वाहन चालकों ने बताया कि कई वाहनों ने रॉन्ग साइड से प्रवेश करना शुरू कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। दोनों तरफ चारपहिया और दोपहिया वाहनों की लंबी लाइन लग गई और सड़क पर आगे बढ़ना मुश्किल हो गया। जाम में फंसी एक एंबुलेंस के चालक ने बताया कि वह मरीज को लेने जा रहा था, लेकिन लंबे जाम के कारण समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सका। जाम की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई।



स्थानीय लोगों ने बताया कि इंदौर-उज्जैन मार्ग पर इन दिनों सिक्स लेन सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण के कारण सड़क का कुछ हिस्सा प्रभावित है, जिससे अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति लगातार बन रही है। यदि ऐसे समय में वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन करने के बजाय रॉन्ग साइड से निकलने की कोशिश करते हैं, तो समस्या और गंभीर हो जाती है। हमारी मांग है कि निर्माण कार्य वाले क्षेत्रों में बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन किया जाए और रॉन्ग साइड से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

---

### इंदौर से 26वीं बार हार्ट पहुंचा दूसरे शहर, स्वच्छता के बाद अब अंगदान में भी अव्वल

# एक दिल थमा, कई जिंदगियां धड़क उठीं

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

कभी अंगदान को लेकर लोगों में झिझक थी, लेकिन आज इंदौर ने इस सोच को बदल दिया है। यहां अब केवल किडनी, लिवर या कॉर्निया ही नहीं, बल्कि ब्रेन डेड मरीजों के हार्ट भी समय से दूसरे शहरों तक पहुंचाए जा रहे हैं, ताकि किसी की बुझती सांसों को फिर से धड़कन मिल सके। यही वजह है कि इंदौर आज देश में अंगदान की एक मजबूत पहचान बनकर उभर रहा है।

ताजा ब्रेन डेड गौरव दवे के मामले के साथ इंदौर से अब तक 26वीं बार किसी ब्रेन डेड डोनर का हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए दूसरे शहर भेजा गया है। हर बार ग्रीन कॉरिडोर बनता है, सायरन बजते हैं, सड़कें खाली होती हैं और कुछ ही मिनटों में एक दिल सैकड़ों किलोमीटर दूर किसी दूसरे इंसान के शरीर में नई जिंदगी की उम्मीद लेकर पहुंच जाता है।



अंगदान का निर्णय किसी भी परिवार के लिए आसान नहीं होता। जिस पल परिवार अपने प्रियजन को खोने का दर्द झेल रहा होता है, उसी समय लिया गया एक साहसिक फैसला कई अनजान लोगों के घरों में खुशियां लौटा देता है।

यही वजह है कि अंगदान को महादान कहा जाता है। एक ब्रेन डेड डोनर का हार्ट, लिवर, दोनों किडनी, कॉर्निया और अन्य अंग कई मरीजों को नया जीवन दे सकते हैं। यानी एक व्यक्ति की अंतिम विदाई, कई परिवारों के लिए नई शुरूआत बन जाती है। पिछले कुछ वर्षों में इंदौर ने अंगदान के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। शहर में ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था, अस्पतालों का बेहतर समन्वय, पुलिस की तत्परता और सबसे बढ़कर लोगों की जागरूकता ने अंगदान को एक जनआंदोलन का स्वरूप दिया है।

---

### सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त : सहायक आयुक्त डी.पी.सिंह को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

# लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, अवैध अतिक्रमण हटाने पर विशेष ध्यान दें

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

सोमवार को इंदौर कलेक्टर ने टीएल बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन मामलों की प्रोग्रेस का डिटेल से रिव्यू किया। साथ ही शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की।

रिव्यू के दौरान सीएम हेल्पलाइन के मामलों के निराकरण में लापरवाही और उदासीनता मिलने पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने श्रम विभाग के सहायक आयुक्त डी.पी.सिंह को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि समय-सीमा के मामलों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम के निर्देशानुसार सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और शासन की अन्य प्राथमिकता वाली योजनाओं से संबंधित मामलों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जिन विभागों में लगातार लापरवाही सामने आएगी, उनके खिलाफ वित्तीय दंड सहित आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सीएम के निर्देशन में जिले में हल्का स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं राजस्व जनकल्याण शिविरों से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से वर्षों से लंबित नामांतरण, बंटवारा, बटांकन, सीमांकन सहित अन्य राजस्व मामलों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

#### शिविरों के माध्यम से मौके पर ही समाधान किया जाए

उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन से संबंधित राजस्व मामलों का भी शिविरों के माध्यम से मौके पर ही समाधान किया जाए, ताकि लोगों को तहसील या कलेक्टर ऑफिस के चक्कर न लगाने पड़ें।

#### अधिकारी के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई

कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय जमीन पर अतिक्रमण व अवैध कॉलोनाइजेशन के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करें। जहां भी अवैध अतिक्रमण दिखाई दे, वहां बिना किसी देरी के कार्रवाई की जाए। यदि किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महिला के रिश्तेदार ने ही रची साजिश, योनो एप से उड़ा दिए 1.50 लाख रुपए

**राजगढ़.** खिलचीपुर की एक महिला के बैंक खाते से योनो एप के जरिए 1.50 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का राजगढ़ पुलिस ने पदार्फाश किया है। महिला के साथ यह ठगी उसी के एक रिश्तेदार ने अपने साथियों की मदद से की थी। मामले में महिला के रिश्तेदार समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने ठगी की 100 प्रतिशत राशि बरामद कर ली है। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश पुलिस के ह्यसेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत थाना खिलचीपुर पुलिस और जिला साइबर सेल की संयुक्त टीम ने की। 15 जुलाई को खिलचीपुर निवासी सरिता हुरकुटे ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके भारतीय स्टेट बैंक के सैलरी खाते से 1.50 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए गए। जांच में सामने आया कि उनके रिश्तेदार पुष्कर टाकले को मोबाइल और योनो ( डठड) एप का पासवर्ड पहले से पता था। उसने विवेक राठौर के नाम से बेनिफिशियरी जोड़कर राशि उसके खाते में ट्रांसफर कर दी। राहुल वैष्णव ने बैंक खाता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की, जबकि यशराज उर्फ यश चौहान ने इसमें सहयोग किया। बाद में मनवीर सिंह चौहान और अभय चावड़ा ने एटीएम, यूपीआई और पीओएस मशीन से खाते से राशि निकाल ली।

## स्नातक व स्नातकोत्तर की फीस 31 तक जमा करें

**राजगढ़.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.वी. खरे ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की है। जिन विद्यार्थियों का सीट आवंटन हो चुका है, वे समय-सीमा में अनिवार्य रूप से प्रवेश शुल्क जमा करें। केवल सीट आवंटन पर्याप्त नहीं है, शुल्क जमा नहीं करने पर प्रवेश निरस्त होकर सीट अन्य पात्र अभ्यर्थी को आवंटित की जा सकती है। विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय के प्रवेश सहायता केंद्र से संपर्क कर सकते हैं

## स्कूल के सामने गड्ढे में डूबे दो छात्र, मौत, लंच टाइम में खेलते हुए हादसा

**दमोह।** दमोह जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में सोमवार दोपहर पानी से भरे 15 फीट गहरे गड्ढे में डूबने से दो नाबालिग बच्चों की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में गहरा शोक और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर गड्ढा खुदवाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक बच्चों की पहचान 10 वर्षीय सोनू पिता लखन यादव और 11 वर्षीय भविष्य पिता संजू यादव के रूप में हुई है। सोनू पांचवीं कक्षा का छात्र था, जबकि भविष्य छठवीं कक्षा में पढ़ता था। दोनों बच्चों के शवों को हटा सिविल अस्पताल में रखा गया है। पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मृत बच्चों के परिजनों और ग्रामीणों ने रजपुरा निवासी कंछेदी जैन पर आरोप लगाया है। उनके अनुसार, कंछेदी जैन ने दो साल पहले गांव में एक बहुत बड़ा गड्ढा खुदवाया था, जो वर्तमान में बारिश के पानी से भरा हुआ है। ग्रामीणों ने कई बार इस गड्ढे को बंद कराने की मांग की थी, क्योंकि गांव में छोटे बच्चे हैं, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। यह गड्ढा स्कूल के ठीक सामने खुदा हुआ है और इसमें करीब 15 फीट पानी भरा हुआ था। सोमवार दोपहर जब स्कूल में लंच की छुट्टी हुई, तब दोनों बच्चे गड्ढे के पास खेलने गए। खेलते समय वे उसमें डूब गए। वहां मौजूद कुछ अन्य बच्चों ने उन्हें डूबते हुए देखा तो जोर-जोर से चिल्लाकर आवाज लगाई। इसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

## 20 हजार का सेमाग्लूटाइड-इंजेक्शन 1500 रुपए में

**भोपाल।** डायबिटीज और मोटापे के इलाज में इस्तेमाल होने वाले सेमाग्लूटाइड आधारित इंजेक्शनों की कीमत में कमी क्या आई, लोगों ने बिना डॉक्टरी सलाह इसका इस्तेमाल शुरू कर दिया। इससे वजन तो कम हुआ, लेकिन कमजोरी, डिहाइड्रेशन, मतली और उल्टी, गॉलब्लेडर में पथरी जैसी तमाम परेशानियां शुरू हो गईं। दरअसल, मार्च 2026 में सेमाग्लूटाइड का पेटेंट खत्म होने के बाद इसके सस्ते जेनेरिक बाजार में आने लगे। पहले इसका प्री-फिल्ड पेन 20 हजार रुपए का आता था, वह अब 1500 रुपए में उपलब्ध हैं। लिहाजा, कई लोग बिना डॉक्टर की सलाह के यह इंजेक्शन लगवा रहे हैं। एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रवक्ता राजवीर त्यागी बताते हैं, पहले जहां हर महीने करीब 4 हजार की डिमांड थी, वही संख्या अब बढ़कर 19 हजार प्रति माह हो गई है।

## 100 प्रतिशत मूंग खरीदी की मांग को लेकर भोपाल के लिए निकले किसान

**भोपाल।** 100% मूंग खरीदी की मांग को लेकर भोपाल जा रहे किसानों को नर्मदापुरम में पुलिस ने रोक दिया। किसानों ने पहले सेठानी घाट पर माँ नर्मदा का पूजन किया। प्रशासन और पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेड्स लगाए। कई किसानों को नजरबंद कर दिया। किसानों को रिहा करने के लिए घाट पर ही जंतर-मंतर बनाने का निर्णय लिया। टेंट लगा दिए, लेकिन वहां से किसान भोपाल जाने के लिए आगे बढ़े। इंदिरा चौक पर एक घंटे से ज्यादा समय तक रुके। फिर भोपाल तिराहा पहुंचे।

# एमपी के 8 जिलों में आज हैवी रेन का अलर्ट, भोपाल में बूंदाबांदी

### अबतक 17% कम बारिश, 48 जिले पिछड़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश से मानसून ट्रफ समेत दो मानसूनी सिस्टम एक्टिव है। इस कारण सोमवार को कई जिलों में तेज बारिश का दौर रहा। मंगलवार को 8 जिलों में भारी बारिश यानी, हैवी रेन का अलर्ट है। यहां अगले 24 घंटे में 4 इंच या इससे ज्यादा पानी गिर सकता है।

भोपाल में सुबह से रिमझिम बारिश हो रही है। जिन 8 जिलों में तेज बारिश का अनुमान है, उनमें सतना, कटनी, उमरिया, मंडला, डिंडौरी, सिवनी, रायसेन और बैतूल शामिल हैं। भोपाल, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, हरदा, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बालाघाट, रीवा,



सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, अब तक प्रदेश में औसत 13.2 इंच (336.7 मिमी) बारिश हुई है, जबकि 16 इंच (407 मिमी) पानी गिर जाना था।

### नए सिस्टम का असर 28 से 30 जुलाई तक

मौसम एक्सपर्ट शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना गहरा अवदाब अब पश्चिम बंगालझ्रउत्तर ओडिशा तट के बेहद करीब पहुंच चुका है। आज से यह आगे बढ़ेगा। यह सिस्टम झारखंड, छत्तीसगढ़ होते हुए मध्य भारत की ओर बढ़ेगा। इसके प्रभाव से 28 से 30 जुलाई के बीच मध्य प्रदेश में अति भारी या भारी बारिश हो सकती है।

### इन 47 जिलों में औसत से कम बारिश

अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उमरिया, आगर-मालवा, आलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, हरदा, झाबुआ, खंडवा, खरगोन, मुरैना, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, रतलाम, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन और विदिशा। वहीं, 8 जिले- भोपाल, भिंड, बुरहानपुर, देवास, इंदौर, मंदसौर, राजगढ़ और सीहोर में औसत से ज्यादा पानी गिर चुका है। देवास में 29 प्रतिशत बारिश ज्यादा हुई है।

### 'गोवंश को राष्ट्रमाता का दर्जा मिले, गोवध पर प्रतिबंध लगे'

# रतलाम में भागवत गीता सिर पर रख संतों ने राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

गो माता को राष्ट्रीय सम्मान देने की मांग को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में समाजजनों ने शहर में रैली निकालकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। रैली में संत सिर पर भागवत गीता के साथ गो माता को लेकर पहुंचे। राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम गो माता को राष्ट्रीय सम्मान का प्रार्थना पत्र सौंपा।

रतलाम में 20 से 26 जुलाई तक गो-सेवा को समर्पित संगीतमय गो कथा का आयोजन रविदास चौक स्थित अमर वाटिका में किया जा रहा था। कथा का श्रवण गो क्रान्तिकारी संत स्वामी गोशरणानंद सरस्वती महाराज के मुखारविंद से हो रहा था। रविवार को समापन हुआ। इसके बाद कथा स्थल से गो कथा आयोजन समिति द्वारा स्वामी गोशरणानंद सरस्वती महाराज व सभी



साधु-संतों के सानिध्य में बड़ी संख्या में संत, महात्माओं व गो भक्तों के साथ रैली निकाली। राष्ट्रीय सम्मान देने की मांग को लेकर रैली शहर के अनेक मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। एसडीएम तरुण जैन को ज्ञापन सौंपा। पहली बार ज्ञापन देने संत-महात्मा अपने सिर पर भागवत गीता लेकर पहुंचे। संत स्वामी गोशरणानंद सरस्वती ने बताया कि आज पूरे देश में एक साथ गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने व गो हत्या बंद करने का सवा तीन लाख लोगों के हस्ताक्षर का प्रार्थना प्रार्थना पत्र सौंपा है। जिस तरह धारा 370 हटी है, नोट बंदी हुई है, उसी तरह सरकार से मांग है कि गो माता का भी राष्ट्रीय माता का दर्जा दिया जाए।

### यह रखी मांगें

देशभर में गोवध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए ह्यकेन्द्रीय गो सेवा एवं संरक्षण अधिनियमह्व लागू किया जाए। स्वतंत्र गो-पालन मंत्रालय का गठन किया जाए।

गोवंश को राष्ट्रमाता या राष्ट्र आराध्या का संवैधानिक दर्जा दिया जाए।

गो तस्करी और गोवध को गैर-जमानती अपराध घोषित कर आजीवन कारावास और संपत्ति कुर्क (राजसात) करने का प्रावधान किया जाए। दुर्घटनाग्रस्त गोवंश के उपचार के लिए हर 50 किमी पर गो-वाहिनी एम्बुलेंस और 150-200 किमी पर आधुनिक ट्रॉमा सेंटर स्थापित किए जाएं।

गोचर भूमियों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। चारे के औद्योगिक उपयोग पर रोक लगाई जाए।

## युवती को सरेराह अर्धनग्न किया, टी-शर्ट फाड़ी:ग्वालियर में युवक ने की बदसलूकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर के पॉश सिटी सेंटर इलाके में युवती के साथ सरेराह बदसलूकी का वीडियो सामने आया है। एक युवक ने बीच सड़क युवती का हाथ पकड़कर खींचतान की और उसकी टी-शर्ट फाड़ दी, जिससे वह अर्धनग्न हो गई। घटना 12 जुलाई की बताई जा रही है, लेकिन वीडियो अब वायरल हुआ है। पुलिस का कहना है कि अब तक किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। जानकारी के मुताबिक, घटना 12 जुलाई 2026 की शाम की बताई जा रही है। वीडियो में युवती कैलाश विहार स्थित एक होटल से ट्रॉली बैग और हैंड बैग लेकर बाहर निकलती दिखती है। उसके पीछे होटल से तीन-चार युवक निकलते हैं। इनमें से एक युवक उसका हाथ पकड़कर जबरन खींचते हुए काफी दूर तक ले जाता है। इसके बाद दोनों के बीच सड़क पर काफी देर तक बहस होती है। खींचतान के दौरान युवती संतुलन खोकर सड़क पर गिर जाती है। इसके बाद भी युवक उसका हाथ पकड़े रहता है और टी-शर्ट को जोर से खींच देता है। कपड़े फटने के बाद युवती किसी तरह खुद को संभालती है और अपने कपड़े ठीक करती है। इस दौरान आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहते हैं। यूनिवर्सिटी थाना प्रभारी रवीन्द्र कुमार के मुताबिक, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है। इसमें युवक-युवती के बीच झगड़ा और खींचतान दिखाई दे रही है। वीडियो 12 जुलाई का बताया जा रहा है, लेकिन अब तक थाने में कोई शिकायत नहीं मिली है।

### वेटलैंड पर 'मड रैली'-एनजीटी 7 साल पहले लगा चुका रोक

# एक्सपर्ट बोले-जलीय जीव-जंतु को खतरा

### नेटवर्क सोशल मीडिया पर, जुट जाती है भीड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल के कलियासोत डैम के वेटलैंड एरिया में खतरनाक 'मड रैली' और हुड़दंग पर विवाद खड़ा हो गया है। पर्यावरणविदों ने इस पर आपत्ति जताते हुए इसे जलीय जीव-जंतु के लिए बड़ा खतरा बताया है। अब मड रैली के आयोजकों पर एफआईआर की मांग भी की गई है। वहीं, नेशनल ग्रीन ट्रूब्नल (एनजीटी) में याचिका भी दाखिल की जा रही है।

यह मड रैली रविवार को हुई थी। कई कारों का जमावड़ा और सैकड़ों लोगों की भीड़ ने सवाल खड़े किए हैं। खास बात ये है कि इतने खतरनाक इवेंट और भारी तादाद में लोगों की भीड़ होने के बावजूद न तो पुलिस को इसकी भनक लगी और न ही जिला प्रशासन ने कोई कार्रवाई की। जबकि, एनजीटी और जिला प्रशासन दोनों ही इसे लेकर रोक लगा चुके हैं।

पर्यावरणविद् राशिद नूर ने बताया कि साल 2019 में एनजीटी की नई दिल्ली बैंच में याचिका दाखिल की थी। तब यहां बड़े स्तर पर मड रैली का



आयोजन किया गया था। एनजीटी ने जनवरी 2020 में आदेश देकर भोपाल समेत देशभर में जितने भी वेटलैंड है, वहां पर मड रैली जैसे आयोजनों पर रोक लगा दी गई।

इस आदेश के बाद तत्कालीन भोपाल कलेक्टर तरुण पिथोड़े ने भी एक रैली की अनुमति निरस्त की थी। वेटलैंड के अलावा बाघ, तेंदुओं को रैली से खतरा बताया गया था। वहीं, याचिका दाखिल होने के बाद अगस्त-19 में डीएफओ ने रोक लगाने और मानीटरिंग करने के आदेश दिए थे।

#### वेटलैंड एरिया में जलीय जीव के घोंसले, अंडे भी

एक्सपर्ट नूर का कहना है कि कलियासोत डैम में कई मगरमच्छ और घड़ियाल हैं। बड़ा तालाब में हजारों जलीय जंतु है। जिन्हें मड रैली जैसे आयोजनों से खतरा है। दूसरी ओर, वन विभाग के अनुसार, कलियासोत, केरवा डैम क्षेत्र में कई बाघों का भी मूवमेंट रहता है। मड रैलियों से उनके लिए भी खतरा हो गया है। तेज शोर और भीड़भाड़ से जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरण प्रेमियों ने प्रशासन से मांग की है कि वेटलैंड क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर तत्काल सख्ती की जाए। नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर इस संवेदनशील क्षेत्र को सुरक्षित रखा जाए।

## सेप्टिक टैंक में डूबे मासूम की मौत के 9 जिम्मेदार:पिता ने कहा- मेरे सामने गड्ढे में समा गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ओंकारेश्वर

बच्चे की मौत की खबर सुन अंतरात्मा कांप गई है। ओंकारेश्वर तीर्थ क्षेत्र के लिए ये दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। आखिर, मासूम की मौत का जिम्मेदार कौन है? अफसरों पर एफआईआर होनी चाहिए। कड़ी सजा मिलना चाहिए। यह कहते हुए ओंकारेश्वर संत मंडल के अध्यक्ष महंत मंगलदास त्यागी के चेहरे पर गुस्सा था। 24 जुलाई को खंडवा जिले के ओंकारेश्वर की ब्रह्मपुरी पार्किंग में खुले सेप्टिक टैंक में गिरने से तीन साल के तनुष उसराठे की मौत हो गई थी। वह परिवार के साथ नागपुर से दर्शन के लिए आया था। बच्चे के पिता कैलाश उसराठे ने बताया कि मेरी आंखों के सामने बेटा गड्?ढे में समा गया। परिवार बेटे के शव को लेकर नागपुर चला गया और अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। उन्होंने रविवार को सीएम हेल्पलाइन में 181 नंबर पर भी शिकायत की है। घटना के बाद संत-महंत, स्थानीय लोग और दर्शन के लिए आ रहे श्रद्धालु भी गुस्से में हैं। जिस सेप्टिक टैंक में बच्चा गिरा, वह लोढ़ा-लौवंशी धर्मशाला परिसर का था। यह टैंक 8 बाय 10 फीट का और 10 फीट गहरा था। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के चलते 29 जून 2026 को नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान धर्मशाला का हिस्सा तोड़ा था।

लोगों का कहना है कि करीब 25 दिन से टैंक खुला पड़ा था। किसी ने ध्यान नहीं दिया। घटना के बाद प्रशासन ने इसे बंद कर दिया।

ओंकारेश्वर संत मंडल के अध्यक्ष महंत मंगलदास त्यागी कहते हैं- यहां तीर्थ यात्री श्रद्धा और प्रेम से आते हैं। जब किसी परिवार के साथ ऐसी घटना होती है, तो उसका जिम्मेदार कौन है? चतुर्थ ज्योतिर्लिंग के नाम पर तीर्थ यात्रियों को आमंत्रित करते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि जिम्मेदार का ट्रांसफर या उसे सस्पेंड कर दिया जाए। उस पर तो एफआईआर होनी चाहिए और सख्त सजा मिलनी चाहिए। वहीं, दर्शन के लिए ओंकारेश्वर आए हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ के वरिष्ठ अधिवक्ता रामस्वरूप साहू कहते हैं कि बच्चे की मौत के मामले में जिम्मेदारों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज हो सकता है। इसमें पांच साल की सजा हो सकती है। इसके अलावा, पुलिस जांच और पीएम रिपोर्ट के बाद अन्य धाराएं भी लगेंगी। जब से ये घटना सुनी है, मन व्यथित है।

## तालाब बचाने तेलंगाना और कर्नाटक में अलग अथॉरिटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

झीलों का शहर कहे जाने वाले भोपाल में पर्यावरण संकट में है। तालाब हों या पहाड़ियां या हरित क्षेत्र... इन पर कब्जे बढ़ते जा रहे हैं। एनजीटी ने कई बार सख्त निर्देश दिए फिर भी हालात नहीं बदले। इसकी बड़ी वजह यह है कि भोपाल में प्राकृतिक संपदा के संरक्षण की जिम्मेदारी किसी एक एजेंसी या विभाग के पास न होकर बंटी हुई है। तालाब नगर निगम देखता है, कैचमेंट और मास्टर प्लान टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के पास है, सरकारी जमीन राजस्व विभाग के अधीन है, जबकि पर्यावरण और जल गुणवत्ता की जिम्मेदारी अलग-अलग एजेंसियों के पास है। इनमें समन्वय की भी कमी है। नतीजा यह है कि अतिक्रमण होने पर कार्रवाई की जिम्मेदारी तय नहीं हो पाती। दूसरी ओर दक्षिण के राज्यों ने एकीकृत व्यवस्था और सख्त कानून बनाकर कार्रवाई को प्रभावी बनाया है। भोपाल में तालाब, पहाड़ियों, हरित क्षेत्रों और प्राकृतिक जल निकासी तंत्र के संरक्षण के लिए एकीकृत प्राधिकरण बनाया जाना चाहिए, जिसमें नगर निगम, राजस्व, पुलिस, टीएंडसीपी, पर्यावरण, वन विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियां साथ काम करें। इस प्राधिकरण को अधिकार देकर प्रकृति से संबंधित सभी मामलों में स्पष्ट जवाबदेह बनाना चाहिए। प्रकृति को नुकसान पहुंचाने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान होना चाहिए।

# मुनाफे के लालच में 10 लाख की साइबर ठगी, रतलाम में फेसबुक लिंक से फंसा निवेशक, पुलिस ने खातों में 5 लाख की राशि होल्ड कराई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

शेयर मार्केट में निवेश कर डबल मुनाफा कमाने के चक्कर में 10 लाख की ठगी हो गई है। फेसबुक पर आई लिंक के सांझे में आकर अलग-अलग समय में कुल 10 लाख जमा करा दिए। लेकिन रिटर्न कुछ नहीं मिला। लिंक बंद होने पर पता चला कि सायबर ठगों ने रुपए ठग लिए। तब पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सायबर ठगों के खातों से 5 लाख रुपए से अधिक की राशि को होल्ड कराया। मामला स्टेशन रोड थाना क्षेत्र से जुड़ा है। फरियादी द्वारा 12 मार्च 26 को साइबर सेल रतलाम में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि उसे फेसबुक पर एक लिंक प्राप्त हुई थी, जिसके माध्यम से उसे शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच दिया गया। लालच में आकर फरियादी ने 27 फरवरी 2026 से 12 मार्च 2026 के बीच अलग-अलग किस्तों में 10 लाख रुपए से अधिक की राशि कथित निवेश के नाम पर जमा कर दी। ठगों द्वारा फरियादी को अधिक मुनाफा दिलाने का लालच देकर लगातार और राशि निवेश करने के कहते रहे।

एसपी अमित कुमार ने बताया कि साइबर अपराधों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2026 में अब तक रतलाम पुलिस द्वारा साइबर ठगी के मामलों में कुल 86,28,026 की राशि ठगों के खातों में होल्ड करवाने में सफलता प्राप्त की है।

### एप्लीकेशन बंद होने पर चला पता

जब फरियादी द्वारा निवेश की गई राशि को वापस निकालने (विड्रॉल) करने का प्रयास तो संबंधित एप्लीकेशन बंद हो गई। इसके बाद फरियादी को अपने साथ साइबर ठगी का आभास हुआ। तब उसने तत्काल साइबर सेल रतलाम में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर साइबर सेल रतलाम द्वारा कार्रवाई करते हुए शिकायत को नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (ठउफढ) पर दर्ज किया। साइबर सेल टीम द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर संबंधित बैंक खातों एवं लेनदेन की जानकारी निकालते हुए ठगों के खातों में पहुंची 5 लाख से अधिक राशि होल्ड करवाई। साइबर सेल की तत्परता के कारण फरियादी की ठगी गई राशि में से महत्वपूर्ण राशि को आगे ट्रांसफर होने से रोका।

### खातों में आई 2.68 लाख की राशि

साइबर सेल टीम द्वारा आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कोर्ट के समक्ष राशि रिफंड के लिए कार्रवाई की। कोर्ट द्वारा 5,04,126 लाख फरियादी के खाते में वापस किए जाने के आदेश जारी किए। आदेश के अनुपालन में अब तक फरियादी के बैंक खाते में 2,68,907 लाख की राशि प्राप्त हो चुकी है। सायबर सेल के अनुसार शेष राशि भी फरियादी के खाते में रिफंड करवाने की प्रक्रिया जारी है।

इनमें से 20,23,739 की राशि फरियादियों के खातों में रिफंड करवाई जा चुकी है, जबकि शेष होल्ड राशि को भी संबंधित फरियादियों के खातों में वापस करवाने के लिए आवश्यक वैधानिक एवं न्यायालयीन प्रक्रिया जारी है।

ठगों के खातों से राशि रिफंड कराने में प्रभारी सायबर सेल रतलाम सब इंस्पेक्टर जीवन बारिया, हेड कॉन्स्टेबल हिम्मत सिंह, कॉन्स्टेबल मोरसिंह एवं राहुल पाटीदार की भूमिका रही।

### अनजान लिंक पर ना करे लिंक

रतलाम पुलिस ने आमजन से अपील की कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म विशेषकर फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्अप अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त किसी भी अनजान लिंक के माध्यम से शेयर मार्केट, ट्रेडिंग या निवेश के नाम पर पैसे जमा न करें।

## ई-केवाईसी नहीं तो गैस सिलेंडर की बुकिंग कैंसिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल में ई-केवाईसी नहीं कराने वाले गैस उपभोक्ताओं को अब बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है। गैस एजेंसियों का कहना है कि कंपनियों के मौखिक निर्देश पर ई-केवाईसी नहीं होने पर बुकिंग रद्द कर डिलीवरी रोकी जा रही है। हालांकि गैस कंपनियों का कहना है कि उन्होंने केवल ई-केवाईसी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं, डिलीवरी रोकने के नहीं। इस स्थिति से उपभोक्ताओं और एजेंसियों के बीच विवाद बढ़ रहा है। डीलर्स के अनुसार, भोपाल में एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसीएल के करीब 9 लाख घरेलू गैस उपभोक्ता हैं। इनमें से पांच दिन में 1.35 लाख (15%) की ई-केवाईसी लंबित होने से उनकी गैस आपूर्ति नहीं हो रही है। हाउसिंग बोर्ड निवासी वाहिद कुरैशी ने बताया कि तीन दिन पहले सिलेंडर बुक कराया था। एजेंसी से ई-केवाईसी के लिए फोन आया, लेकिन नहीं पहुंच पाने पर बुकिंग कैंसिल कर दी गई।

### भारत ने यूक्रेन के राजदूत को तलब किया

# भारतीय क्रू मेंबर की मौत पर जवाब मांगा, ब्लैक सी में जहाज पर हुए हमले का मामला



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने ब्लैक सी में एक जहाज पर हुए हमले में भारतीय नाविक की मौत के मामले में यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक को तलब किया है। भारतीय नाविकों की यूनियनों ने हमले के लिए यूक्रेनी ड्रोन को जिम्मेदार बताया है। विदेश मंत्रालय ने इस मामले को यूक्रेन के सामने मजबूती से उठाया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जहाज एमवी ओमोर्फी पर 18 जुलाई को ब्लैक सी से गुजरते समय हमला हुआ था। मंत्रालय ने पिछले हफ्ते जारी एक बयान में कहा था कि यह हमला कथित तौर पर रूसी क्षेत्रीय जलक्षेत्र में हुआ।

हमले के समय जहाज पर 10 क्रू मेंबर सवार थे। इनमें 3 भारतीय नागरिक थे। हमले में भारतीय क्रू मेंबर और चीफ ऑफिसर सागर गुप्ता की मौत हो गई। जहाज पर मौजूद दो अन्य भारतीय क्रू मेंबर सुरक्षित बताए गए हैं। भारत ने जहाज पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कमर्शियल शिपिंग और नागरिक क्रू मेंबर पर हमले स्वीकार नहीं किए जा सकते।

मंत्रालय ने सभी पक्षों से समुद्री आवाजाही की सुरक्षा सुनिश्चित करने और वैश्विक व्यापार के मुक्त प्रवाह को बनाए रखने की अपील की है। भारत का कहना है कि कमर्शियल शिपिंग रूट्स की सुरक्षा जरूरी है और नागरिक नाविकों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। एमवी ओमोर्फी मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला बल्क कैरियर है। इसे 2010 में बनाया गया था। यह उस क्षेत्र में संचालित हो रहा था, जहां रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच व्यापारी जहाजों पर बार-बार हमले हुए हैं। इस घटना ने ब्लैक सी क्षेत्र में काम कर रहे भारतीय नाविकों के सामने बढ़ते सुरक्षा जोखिम को भी सामने रखा है। भारतीय नाविक दुनिया की मर्चेंट नेवी में सबसे बड़े समूहों में शामिल हैं।

### भारतीय नाविकों और शिपिंग कंपनियों को एडवाइजरी

भारतीय अधिकारियों ने नाविकों और शिपिंग कंपनियों को एडवाइजरी जारी कर ब्लैक सी या उसके आसपास के इलाकों में काम से पहले सुरक्षा जोखिमों का सावधानी से आकलन करने को कहा है। एडवाइजरी में नाविकों और शिपिंग कंपनियों को समुद्री मार्गों की पुष्टि करने, इंश्योरेंस कवरेज की जांच करने और इमरजेंसी प्रक्रियाओं को समझने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने कहा है कि किसी भी असाइनमेंट को स्वीकार करने से पहले इन पहलुओं पर ध्यान देना जरूरी है। भारतीय नाविकों की यूनियनों ने इस हमले के लिए यूक्रेनी ड्रोन को जिम्मेदार बताया है। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में यूक्रेन की ओर से इस आरोप की पुष्टि का उल्लेख नहीं है। हमले की जिम्मेदारी और इसकी पूरी परिस्थितियों को लेकर उपलब्ध कॉपी में आगे की जानकारी नहीं दी गई है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बोले- ईरान के साथ बातचीत जारी

# सफल रही तो ठीक, नहीं तो हवाई हमले फिर शुरू होंगे

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिगंटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि ईरान के साथ बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इसका कोई हल निकल जाएगा। लेकिन अगर बातचीत बेनतीजा रही तो अमेरिका फिर से ईरान पर हवाई हमले शुरू करेगा।

एयरफोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने दावा किया, पिछले 14 दिनों में ईरान को भारी नुकसान हुआ है। इसके बाद उन्होंने हमसे कहा कि हमले रोकिए और बातचीत करते हैं। हालांकि, ईरान ने इस दावे को खारिज कर दिया। तेहरान का कहना है कि उसने अमेरिका से बातचीत की पहल नहीं की है। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका ने फिलहाल ईरान पर हवाई हमले रोक रखे हैं। दोनों देशों के बीच मध्यस्थों के जरिए बातचीत चल रही है, लेकिन होर्मुज स्ट्रेट समेत कई अहम मुद्दों पर अब भी सहमति नहीं बन सकी है।

ईरानी मीडिया ने दावा किया है कि उत्तरी इराक के सबसे बड़े खोर मोर गैसफील्ड पर हमला हुआ है। वहीं एरबिल के पास चार संदिग्ध ईरानी ड्रोन गिरने और पश्चिमी इराक में एक अमेरिकी ड्रोन मार गिराने का भी दावा किया गया है। वॉशिंगटन रवाना होने से पहले नेतन्याहू ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी बातचीत का सबसे अहम मुद्दा ईरान होगा। उनका कहना है कि बैठक में इजराइल की सुरक्षा और क्षेत्रीय हालात पर चर्चा होगी।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि फिलहाल अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं चल रही है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि ईरान की ओर से बातचीत की पहल करने के दावे गलत हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर दोनों अहम समुद्री रास्ते बंद हुए तो तेल की कीमतें बढ़ेंगी, माल ढुलाई महंगी होगी और वैश्विक सप्लाई चेन पर असर पड़ेगा।

अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष थमने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट आई है। हालांकि, बाजार को अब भी तनाव दोबारा बढ़ने की आशंका है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से व्हाइट हाउस में मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच सबसे ज्यादा चर्चा ईरान युद्ध और अमेरिका-ईरान के बीच चल रही बातचीत पर होगी। नेतन्याहू सोमवार रात वॉशिंगटन के ब्लेयर हाउस में ठहरे। इसी दौरान व्हाइट हाउस के बाहर प्रदर्शन भी शुरू हो गए। लोग गाजा में जारी युद्ध और ईरान पर हमलों के खिलाफ विरोध जता रहे हैं।

### यूएस- ईरान बातचीत की राह आसान क्यों नहीं?

13 दिन तक चले हमलों के बाद अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर बातचीत की कोशिश शुरू हुई है। पिछले तीन दिनों से दोनों देशों ने कोई नया हमला नहीं किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का कहना है कि बातचीत से समाधान निकल सकता है, लेकिन अगर बात नहीं बनी तो सैन्य कार्रवाई फिर शुरू होगी। ऐसे में सवाल है कि समझौता आखिर इतना मुश्किल क्यों है?

अभी सबसे बड़ी चुनौती दोनों देशों के बीच पूरी तरह सैन्य कार्रवाई रोकना है। जब तक दोनों पक्ष भरोसा नहीं दिखाएंगे, तब तक औपचारिक बातचीत शुरू होना मुश्किल है। मौजूदा शांति सिर्फ अस्थायी मानी जा रही है। बातचीत की सबसे बड़ी अड़चन होर्मुज स्ट्रेट है। दुनिया के बड़े हिस्से का तेल इसी रास्ते से गुजरता है। अमेरिका चाहता है कि यहां जहाजों की आवाजाही बिना किसी रोक-टोक के हो। ईरान इसे अपना सबसे बड़ा रणनीतिक दबाव मानता है और इस पर नियंत्रण छोड़ने के लिए तैयार नहीं दिख रहा। ट्रम्प ने साफ कहा है कि बातचीत जारी है और उन्हें अच्छे नतीजे की उम्मीद है। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अगर समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका फिर से ईरान पर हवाई हमले शुरू कर देगा। यानी बातचीत के साथ सैन्य दबाव भी जारी रखा गया है।

### इंडिगो के विमान की आपात लैंडिंग



**दुबई से मुंबई आ रही इंडिगो की उड़ान आईजीओ-1452 की सोमवार को अचानक आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी. दरअसल, विमान के कार्गो क्षेत्र में धुआं निकलने की चेतावनी मिली. इसके बाद विमान की राजकोट हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई. 194 यात्री सवार थे. धुएं की सूचना मिलते ही यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई, लेकिन पायलट ने विमान को राजकोट की ओर मोड़ने का फैसला किया.**

## ट्रम्प बोले- अमेरिका के पास हथियारों की कोई कमी नहीं

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिगंटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ तनाव के बीच अमेरिका के हथियार खत्म नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार हैं, जरूरत से भी ज्यादा।

ट्रम्प का यह बयान उन मीडिया रिपोर्ट्स के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान के साथ लगातार टकराव की वजह से अमेरिका के पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों का भंडार घट रहा है।

बयान के तुरंत बाद ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कई अक तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में ईरान के सबसे बड़े तेल निर्यात केंद्र खार्ग आइलैंड पर हवाई हमला दिखाया गया। इसके साथ उन्होंने लिखा- स्ट्राइक ऑन खार्ग।

इसके बाद उन्होंने कुछ और अक तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें एक ईरानी तेल टैंकर पर अमेरिकी झंडा नजर आ रहा है। एक दूसरी तस्वीर में जहाज को उड़ता हुआ दिखाया गया, जिसके साथ लिखा था- नो मोर इंजन्स। ईरान के सरकारी प्रसारक ने दावा किया है कि उत्तरी इराक के सबसे बड़े खोर मोर गैसफील्ड पर हमला हुआ है। कक्क्ह के मुताबिक, यह गैसफील्ड उत्तरी इराक के कुर्द क्षेत्र के सुलैमानीया में स्थित है और इलाके की अधिकांश बिजली आपूर्ति इसी से होती है। हमला मंगलवार तड़के हुआ। उसके मुताबिक, यह घटना लगभग उसी समय हुई, जब करीब 200 किलोमीटर दूर एरबिल में धमाकों की खबरें सामने आईं।

# 'हम हैं दुनिया के रक्षक'


## ट्रम्प का ट्रुथ सोशल हैंडल हैक; 6 घंटे में किए गए 45 से अधिक पोस्ट, अधिकांश एआई फोटो

**वॉशिंगटन:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को लगभग 6 घंटे के भीतर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 45 से अधिक पोस्ट साझा किए, जिनमें से अधिकांश एआई से बनाई गई तस्वीरें और पोस्टर बताए जा रहे हैं. दरअसल, ट्रम्प का ट्रुथ सोशल हैंडल हैक हो जाने की वजह से यह घटना हुई. इन पोस्टों की वजह से सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा शुरु हो गई है. ट्रम्प द्वारा तस्वीरें शेयर करते ही सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई. इन तस्वीरों में ट्रम्प ने अमेरिका को दुनिया का सबसे ताकतवर देश बताया. उन्होंने ईरान पर हमला करते हुए कई तस्वीरें जारी की. इसके साथ ही, उन्होंने 2028 के चुनाव के लिए भी माहौल बनाने की कोशिश की.

**क्या है इन तस्वीरों में :** एक तस्वीर में ट्रम्प खुद बहुत बड़े आकार में खड़े दिख रहे हैं. उनके पीछे अमेरिकी स्टेल्थ फाइटर जेट्स उड़ रहे हैं और ईरान पर भारी बमबारी हो रही है. नीचे समुद्र में अमेरिकी युद्धपोत तैनात हैं. इस तस्वीर का नाम है 'गार्डियंस ऑफ द वर्ल्ड.' दूसरी तस्वीर 'स्ट्राइक ऑन खार्ग' में ईरान के मुख्य तेल टर्मिनल पर हवाई हमला दिखाया गया है. चारों तरफ आग और धुआं फैला हुआ है. एक और तस्वीर में ट्रम्प और अमेरिकी सैनिक ईरानी जहाज पर खड़े हैं. ईरानी लोग समुद्र में कूद रहे हैं. कैप्शन है - 'इट्स अवर आईल टैंकर नाउ'. एक तस्वीर में ईरानी तेल जहाज का पिछला हिस्सा पूरी तरह उड़ गया है और काला धुआं निकल रहा है. ट्रम्प खुद एक युद्धपोत को चला रहे हैं और सैनिकों को आदेश दे रहे हैं. एक तस्वीर में उन्होंने 'फाफो' लिखा हैट पहना हुआ है.

ट्रम्प ने एक चार्ट भी शेयर किया. इसमें वियतनाम और इराक युद्ध की तुलना अपने समय से की गई. ईरान संघर्ष में 4 महीने और 18 मौतें बताई गईं, जबकि वेनेजुएला युद्ध सिर्फ एक दिन का बताया गया, जिसमें कोई मौत नहीं हुई. इसके साथ ही, अमेरिकी ट्रम्प ने कुछ राजनीतिक तस्वीरें भी जारी की हैं. एक तस्वीर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अंधेरे जंगल में सैनिकों के साथ चल रहे हैं. कैप्शन है - 'दुश्मन को बुरे सपने दिखाओ' (Give the Enemy Nightmares) और नीचे 'ट्रम्प 2028' लिखा है.

हालांकि, अमेरिकी संविधान के तहत कोई राष्ट्रपति तीसरी बार चुनाव नहीं लड़ सकता. एक अन्य तस्वीर में ट्रम्प को कॉस्मिक कमांडर बताया गया है. एक अन्य तस्वीर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपतियों के साथ खड़ा दिखाया गया है. नीचे लिखा है, 'अमेरिका फर्स्ट.' ट्रम्प की ये एआई वाली पोस्ट्स दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गई हैं.









**ट्रम्प के ट्रुथ सोशल हैंडल को हैक करने के बाद पोस्ट की कुछ एआई तस्वीरें.**

## अमेरिका में फूड फेस्टिवल में फायरिंग, 3 मौतें, बच्चे समेत 5 घायल

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ सिएटल

अमेरिका के सिएटल में एक फूड फेस्टिवल के दौरान फायरिंग में 3 लोगों की मौत हो गई। बच्चे समेत 5 लोग घायल हो गए। घटना सिएटल के स्पेस नीडल के पास आयोजित बाइट ऑफ सिएटल फेस्टिवल के आखिरी घंटों में हुई। सिएटल फायर डिपार्टमेंट की प्रवक्ता ग्रेस नुनेज ने इसकी जानकारी दी। फायरिंग रविवार शाम करीब 6 बजे हुई। पुलिस ने इलाके की जांच शुरू कर दी और लोगों से शहर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में स्थित घटनास्थल के पास नहीं जाने की अपील की। इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है।

फेस्टिवल में पहुंचे एक शख्स ने बताया कि हम एक फूड स्टॉल से खाने का सामान लेकर लौट रहे थे, उसी दौरान गोलीबारी हुई। सिएटल फायर डिपार्टमेंट की प्रवक्ता ग्रेस नुनेज के मुताबिक, फायरिंग में मारे गए दोनों लोगों की मौत मौके पर ही हो गई। 5 घायलों को हार्बरव्यू मेडिकल सेंटर ले जाया गया, जिनमें से एक की मौत इलाज के दौरान हो गई। घायलों में 56 साल की महिला की हालत गंभीर है। 2 साल का बच्चा, 23 साल का युवक और 39 साल की महिला की हालत स्थिर बताई गई है। वहीं 40 साल की एक महिला को मामूली चोटें आई हैं। फायरिंग के बाद बड़ी संख्या में पुलिस और इमरजेंसी टीमें मौके पर पहुंचीं। उन्होंने सिएटल सेंटर इवेंट्स कैंपस के आसपास का इलाका खाली कराना शुरू किया। अधिकारियों ने अभी यह नहीं बताया कि फेस्टिवल के किस हिस्से में फायरिंग हुई।

## दावा: पीओके में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग, 8 की मौत, चुनाव का लोगों ने बहिष्कार किया था

### पाकिस्तान सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहे थे

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सोमवार को सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग कर दी। इसमें 8 लोगों की मौत का दावा किया गया है।

दरअसल, सोमवार को पीओके में पहले चरण के विधानसभा चुनाव थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें बहुत कम वोटिंग हुई। कई इलाकों में लोगों ने वोटिंग का बहिष्कार किया था।

इस बीच, हजारों लोग चुनाव प्रक्रिया और पाकिस्तान सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़को पर उतरकर राजधानी मुजफ्फराबाद की ओर मार्च कर रहे थे।

इन प्रदर्शनों का नेतृत्व जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) कर रही है। सरकार ने 5 जून को प्रस्तावित प्रदर्शन से कुछ दिन पहले ही इस संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया।

इसके बाद संगठन के कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ नेता भूमिगत हो गए, जबकि कुछ अब भी पुंछ डिवीजन के मुख्यालय रावलाकोट में धरना स्थलों से आंदोलन चला रहे हैं। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई झड़पों में करीब 40 लोगों की मौत हो चुकी है। कई जगह लगातार धरने और सड़क जाम हुए हैं।

स्थिति इतनी खराब हो गई कि बैंक लगातार दो सप्ताह तक बंद रहे। अधिकांश क्षेत्रों में मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं अब भी बंद हैं। भारत की सीमा से सटा पुंछ डिवीजन, जहां सबसे ज्यादा विरोध प्रदर्शन हुए, कई सप्ताह तक लगभग पूरी तरह सील रहा। इससे वहां आटा और अन्य जरूरी सामान की आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई।

दूसरी ओर सरकार और अदालत का कहना है कि इन सीटों को केवल संविधान संशोधन के जरिए ही हटाया जा सकता है।

# मिडिल ईस्ट में शुरू हो सकती है एक नई जंग

## सऊदी अरब का यमन की राजधानी सना पर हमला, हूती ने शुरू की समुद्री नाकेबंदी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ ईरान



28 फरवरी को जब अमेरिका और ईरान के बीच जंग शुरू हुई थी, तभी माना जा रहा था कि इसमें ईरान के सहयोगी हूती विद्रोही भी कूद सकते हैं। करीब पांच महीने बाद वही आशंका सच साबित होती दिख रही है।

पिछले एक हफ्ते में हूतियों ने सऊदी अरब और रेड सी में जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन से कई हमले किए हैं। जवाब में सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने भी हूती ठिकानों पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं।

यानी करीब चार साल से किसी तरह टला हुआ यमन का युद्ध फिर भड़कने की कगार पर है। हूतियों ने सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी का ऐलान कर दिया है, जबकि दोनों तरफ से हमले लगातार बढ़ रहे हैं। इससे मिडिल ईस्ट में एक नई जंग शुरू होने का खतरा बढ़ गया है। हूती और सऊदी के बीच ताजा विवाद 13 जुलाई को शुरू हुआ। दरअसल, कुछ हूती नेता अली खामेनेई की अंतिम यात्रा में शामिल होने के बाद ईरान से यमन लौट रहे थे। लेकिन यमन की सऊदी समर्थित सरकार ने इस प्लेन को सना एयरपोर्ट पर उतरने ही नहीं दिया।

यमन सरकार का कहना था कि हूती अधिकारी यमन की राष्ट्रीय एयरलाइन से ही वापस लौटें। उन्हें ईरान की एयरलाइन में आने नहीं दिया जाएगा। वहीं हूती ईरानी विमान को सीधे सना में उतारने पर अड़े रहे। इसके बाद सरकार समर्थित फोर्स ने सना एयरपोर्ट के रनवे को बम से उड़ा दिया, ताकि ईरानी विमान वहां उतर न सके। नतीजतन, हूती नेताओं वाला प्लेन सना एयरपोर्ट पर उतर ही नहीं सका। प्लेन ने अपना रास्ता बदलकर हूदैदाह एयरपोर्ट पर लैंडिंग की, जो हूतियों के कंट्रोल में है। इस घटना के बाद हूतियों ने सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी का ऐलान कर दिया।

### शुरूआत में ईरान जंग से दूर रहे हूती विद्रोही

फरवरी में जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया था, तब हूती विद्रोही सीधे इस लड़ाई में उतरने से बचते दिखे। लेकिन अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम टूटने के बाद उनका रुख बदल गया। कई विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान ने हूतियों पर जंग में सक्रिय भूमिका निभाने का दबाव बनाया। हालांकि उनका कहना है कि इससे सिर्फ ईरान ही नहीं, बल्कि हूतियों को भी फायदा है। वे इस मौके का इस्तेमाल यमन में अपनी राजनीतिक पकड़ और ताकत बढ़ाने के लिए करना चाहते हैं। 2022 में हुए युद्धविराम के बाद यमन में हूती विद्रोहियों और सऊदी अरब के बीच लड़ाई लगभग रुक गई थी।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 28 जुलाई, 2026

## सुभाषितानि

**लभन्ते ब्रह्मनिर्वाणमृषयः क्षीणकल्मषाः।**
**छिन्नद्वैधा यतात्मानः सर्वभूतहिते रताः॥**

**भावार्थ** : जिनके सब पाप नष्ट हो गए हैं, जिनके सब संशय ज्ञान द्वारा निवृत्त हो गए हैं, जो सम्पूर्ण प्राणियों के हित में रत हैं और जिनका जीता हुआ मन निश्चलभाव से परमात्मा में स्थित है, वे ब्रह्मवेत्ता पुरुष शांत ब्रह्म को प्राप्त होते हैं।

**शक्नोतीहैव यः सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात्।**
**कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्तः स सुखी नरः॥**

**भावार्थ** : जो साधक इस मनुष्य शरीर में, शरीर का नाश होने से पहले-पहले ही काम-क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ हो जाता है, वही पुरुष योगी है और वही सुखी है।

## सम्पादकीयम्

### केचन जनाः

त्वं तादृशः बोरः असि-सदैव हस्ते नारीवादस्य ध्वजं गृहीत्वा दर्शयसि। एषः एव क्षणः यदा समाजः स्वस्य उत्तरदायित्वं त्यजति। कार्यालयेषु अपि एतत् एव परिदृश्यं पुनः पुनः क्रीडति। केचन जनाः तादृशं हास्यं श्रुत्वा मौनं कुर्वन्ति, केचन स्मितं कुर्वन्ति, केचन केवलं बधिरकर्णं कुर्वन्ति। तथापि एतत् मौनं प्रभावीरूपेण मौनअनुमोदनं भवति। शनैः शनैः एतादृशानां पुरुषाणां विश्वासः वर्धते, एकस्मिन् दिने, एकदा गलियारेषु कुहूकुहू कृताः एव वस्तूनि मञ्चे 'सामग्री' इति वितरन्ति। विशाल वेतन, संकीर्ण मानसिकता हास्यकलाकारः प्रनीथः एतत् पीकगुड़गांवसामग्री इति खण्डयित्वा अग्रे गच्छति, परन्तु प्रश्नः अस्ति यत् किं वास्तवमेव गुडगांवसदृशस्य नगरस्य शिखरम् अत्रैव अवतरितम्-यत्र वेतनसङ्कुलाः कोटिषु धावन्ति, तथापि मानसिकता केवलं ३७० रुप्यकेषु एव सीमितम् अस्ति? एतस्य सर्वस्य मध्ये रजतस्य आस्तरणं आसीत्: निगमसंस्थायाः युवकस्य निष्कासनं कृतम्, निगमक्षेत्रं च न्यूनातिन्यूनं गृहीतवान् यत् कार्यालयस्य भित्तिभ्यः बहिः कस्यचित व्यक्तिस्य व्यवहारः अपि तेषां परिचयस्य भागः अस्ति। परन्तु सामाजिकमाध्यमाः अद्यापि विग्रहयुक्ताः सन्ति, यतः तत्रत्याः महत्त्वपूर्णाः जनाः एतां घटनां सामान्यरूपेण पश्यन्ति। सांख्यिकी एकं कठोरं सत्यं प्रकाशयति राष्ट्रियपरिवारस्वास्थ्यसर्वक्षणस्य प्रतिवेदने सूचितं यत् अद्यापि बहूनां महिलानां दुर्व्यवहारव्यवहारं।

### तिलकवर्मा इतिहासं रचयति : धोनीं रैना च अतिक्रम्य

# टी-२० अन्तर्राष्ट्रीयक्रिकेट्-क्रीडायां भारतस्य सप्तमः सर्वोच्चः रन-स्कोररः अभवत्

ब्रह्मास्त्र ›› हरारे



भारतीयक्रिकेटदलस्य उपकप्तानः तिलकवर्मा टी-२० अन्तर्राष्ट्रीयक्रिकेट्-क्रीडायां अपरं प्रमुखं माइलस्टोन् प्राप्तवान्। जिम्बाब्वे-विरुद्धे द्वितीये टी-२०-क्रीडायां अपराजित-अर्धशतकं कृत्वा सः भारतीयक्रिकेट्-किंवदन्तिकौ महेन्द्रसिंहधोनी-सुरेश-रैना-इत्येतौ अतिक्रान्तवान्। एतेन प्रदर्शनेन तिलकवर्मा टी-२० अन्तर्राष्ट्रीयक्रिकेट्-क्रीडायां भारतस्य सप्तमः सर्वाधिकः रन-स्कोररः अभवत्। भारतीयक्रिकेट्-क्रीडायां तस्य वर्धमानस्य प्रभावस्य, सीमित-ओवर-स्वरूपेण च तस्य स्थिरतायाः प्रमाणरूपेण एषा उपलब्धिः दृश्यते।

हरारे-नगरे क्रीडिते द्वितीये टी-२०-क्रीडायां तिलकवर्मा केवलं २९ कन्दुकेषु अपराजित-६० रनस्य स्कोरं कृतवान्। तस्य पारीषु पञ्च चतुः, त्रीणि भव्यषट्काः च आसन्। सः २०६.९० इति स्ट्राइक-रेट् धारितवान्, येन भारतीयपारीषु गतिः प्रविष्टा। तस्य आक्रामकबल्लेबाजीयाः कारणात् भारतेन आवंटितेषु २० ओवरेषु ५ विकेट् २१९ रनस्य भयंकरं कुलम् अभवत्।

एतेन पारीया तिलकवर्मा इत्यस्य टी-२० अन्तर्राष्ट्रीयधावनस्य संख्या ५८ मेलनेषु ५५ पारीषु १६३४ रनपर्यन्तं वर्धिता अस्ति। सः एतानि धावनाङ्कानि ४४.१६ औसतेन, १४५.३७ इत्यस्य प्रभावशालिनः स्ट्राइक-दरेन च कृतवान्। तस्य नामधेयेन द्वौ शतकौ नव अर्धशतकौ च सन्ति, अपराजितः १२० तस्य सर्वोच्चः व्यक्तिगतः स्कोरः अस्ति। एतेषां आँकडानां कृते सः टी-२० अन्तर्राष्ट्रीयक्रीडायां महेन्द्रसिंह धोनी इत्यस्य १६१७ रनस्य, सुरेश रैना इत्यस्य १,६०५ रनस्य च अतिक्रमणं कर्तुं शक्नोति। तदतिरिक्तं सः स्वस्य सङ्गणकस्य सहचरं ईशानकिशनं अतिक्रम्य सूचीयां सप्तमस्थानं प्राप्तवान्।

रोहितशर्मा सम्प्रति भारतीयटी-२० अन्तर्राष्ट्रीयक्रिकेट्-क्रीडायाः इतिहासे सर्वाधिक-रन-स्कोरर-सूचौ शीर्षस्थाने अस्ति, यत्र सः १५९-क्रीडासु ४,२३१ रनस्य स्कोरं कृतवान्। विराट् कोहली द्वितीयस्थानं धारयति, सः १२५ मेलनेषु ४१८८ रनस्य स्कोरं कृतवान्। सूर्यकुमारयादवः तृतीयस्थानं धारयति, सः ११३ मेलनेषु ३,२७२ रनस्य सङ्ग्रहं कृतवान्। अस्मिन् सूचौ तिलकवर्मा इत्यस्य द्रुतगतिना आरोहणं सूचयति यत् सः आगामिषु वर्षेषु भारतीयदलस्य प्रमुखबल्लेबाजरूपेण स्वं स्थापयितुं शक्नोति। २०२६ तमे वर्षे तिलकवर्मा इत्यस्य कृते मिश्रितपरिणामाः प्राप्ताः, तथापि सः निरन्तरं बहुमूल्यं पारीं क्रीडन् स्वस्य योग्यतां सिद्धं कृतवान्। अस्मिन् वर्षे सः १८ टी-२० अन्तर्राष्ट्रीय-क्रीडासु ४५१ रनस्य स्कोरं कृतवान्, ३४.६९ इति औसतं, प्रायः १४९ स्ट्राइक-दरं च निर्वाहितवान्। अस्मिन् काले सः त्रीणि अर्धशतकानि कृतवान्, जिम्बाब्वे-विरुद्धं ६० धावनस्य अपराजितः ठोकः वर्षस्य सर्वोच्च-अङ्कः इति स्थितः।

म्याचस्य विषये एव जिम्बाब्वेदेशः टॉस्-क्रीडायां विजयं प्राप्य प्रथमं गेन्दबाजीं कर्तुं निर्वाचितवान्। भारतीयदलः अपेक्षितरूपेण आरम्भं न कृतवान्, अभिषेकशर्मा अष्टधावनं कृत्वा बहिः गतः। युवा बल्लेबाजः वैभव सूर्यवंशी नव कन्दुकयोः २० रनस्य द्रुतगतिपारीं कृतवान् परन्तु क्रीज-स्थले दीर्घकालं यावत् स्थातुं न शक्तवान्। प्रारम्भिकविघ्नानां अनन्तरं इशानकिशनः पारीं स्थिरं कृत्वा कप्तानश्रेयस् अर्य इत्यनेन सह ६६ रनस्य महत्त्वपूर्णं साझेदारीम् अकरोत्। श्रेयस् २० कन्दुकयोः २५ रनस्य स्कोरं कृतवान्, यत्र चत्वारि सीमाः अपि सन्ति।

### अभिलेखरूपेण 21 कोटिरूप्यकाणां

# साइबर धोखाधड़ी प्रकरणे पुलिस रिक्तहस्तः

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

कतिपयदिनानि व्यतीतानि अपि राज्यसाइबरपुलिसः अद्यापि मध्यप्रदेशस्य बृहत्तमः साइबरधोखाधड़ीप्रकरणे महतीं सफलतां न प्राप्तवान्। ग्वालियर-नगरस्य चार्टड् एकाउण्टेण्ट् अशोक-विजयवर्गीयायाः सह 21.05 कोटिरूप्यकाणां डिजिटल-धोखाधड़ीयाः अन्वेषणं प्रचलति; तथापि न च साइबर-दलस्य कोऽपि सदस्यः गृहीतः, न च पुलिसैः 'खच्चर'-खातधारकाणां मध्यस्थानां च अन्वेषणं कर्तुं सफला अभवत्, ये ठग-धनस्य विभिन्नेषु खातेषु स्थानान्तरणं सुलभं कृतवन्तः फलतः अस्य उच्चस्तरीयस्य प्रकरणस्य पुलिसेन निबन्धनस्य विषये प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति।

समाचारानुसारं ग्वालियर-भोपाल-साइबर-कोशयोः संयुक्तदलानि अस्य उच्चस्तरीयस्य साइबर-धोखाधड़ीयाः अन्वेषणं कुर्वन्ति। अन्वेषणसंस्थाः यदा बैंकव्यवहारं, डिजिटलस्थानांतरणं, साइबरजालसम्बद्धतां च एकत्र स्थापयितुं कार्यं कुर्वन्ति तदा ते अद्यापि अभियुक्तानां स्थानं ज्ञातुं सफलाः न अभवन् एतेन ज्ञायते यत् राज्यस्य बृहत्तमस्य साइबर-धोखाधडस्य उजागरं कृत्वा अपि पुलिस-संस्था रिक्तहस्तः एव तिष्ठति। इदानीं वर्धमानस्य आलोचनायाः सामनां कृत्वा पीडिते राहतं दातुं लक्ष्यं कृत्वा राज्यस्य साइबरपुलिसः वैकल्पिकं कानूनीमार्गं स्वीकृतवान् अस्ति। अन्वेषणकाले विभिन्नेषु बैंकखातेषु स्थगितस्य धोखाधड़ीधनस्य भागं प्रत्यागन्तुं प्रयत्नाः आरब्धाः सन्ति। शिकायतकतार्याः पक्षतः सम्बन्धितन्यायालये आवेदनपत्रं प्रदत्तम् अस्ति। पुलिस-अधिकारिणः वदन्ति यत् एकदा न्यायालयस्य अनुमतिः दत्ता चेत् एतेषु खातासु सुरक्षितं धनं निर्धारित-कानूनी-प्रक्रियायाः माध्यमेन पीडिते प्रत्यागमिष्यति।

# अनेकेषां प्रमुखमन्त्रालयानाम् उत्तरदायित्वं च धारयति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

प्रल्हाद जोशी सम्प्रति केन्द्रीयमन्त्रिमण्डलमन्त्री अस्ति, पूर्वमेव अनेकेषां प्रमुखमन्त्रालयानाम् उत्तरदायित्वं च धारयति। अधुना सः अतिरिक्तशुल्करूपेण शिक्षामन्त्रालयं नियुक्तः अस्ति। यावत् नूतनः पूर्णकालिकः शिक्षामन्त्री नियुक्तः न भवति तावत् सः मन्त्रालयस्य कार्याणि निरीक्षयिष्यति इति अपेक्षा अस्ति। धर्मेन्द्रप्रधानस्य त्यागपत्रस्य अनन्तरं शिक्षामन्त्रालयस्य विषये राजनैतिकवृत्तेषु पर्याप्तं अनुमानं जातम् आसीत्। परन्तु राष्ट्रपतिभवनतः घोषणया स्पष्टीकृतं यत् मन्त्रालयस्य कार्याणि अविच्छिन्नरूपेण निरन्तरं भविष्यन्ति।

## राशिफल

**मेष** : बड़े बदलावों के लिए तैयार रहें। पॉजिटिव माइंडसेट के साथ अपने सपनों पर काम करते रहें।

**वृषभ** : कुछ लोग जॉब स्विच कर सकते हैं। कुछ को प्रमोशन मिलेगा। हेल्दी खाना खाएं और जंक फूड से बचें।

**मिथुन** : कान, गले या नाक की तकलीफ से बचने के लिए सतर्क रहें। डाइट और एक्सरसाइज पर ध्यान दें।

**कर्क** : नए निवेश के लिए शुभ समय, लेकिन जल्दबाजी न करें। रिस्क न लें। बजट देख कर ही फैसले करें।

**सिंह** : अनियोजित खर्च भी बढ़ सकते हैं। नौकरी और कारोबार के लिए दिन अच्छा रहेगा। माता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कन्या** : घर-परिवार से सहयोग मिलेगा। वैवाहिक जीवन भी बेहतर रहेगा। आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

**तुला** : रहन-सहन और स्वास्थ्य पर ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में बदलाव संभव है लेकिन माहौल ठीक रहेगा।

**वृश्चिक** : जमीन-गाड़ी से फायदा हो सकता है। लेकिन भावुक होकर जल्दी-जल्दी फैसले न लें। धैर्य से काम करें।

**धनु** : घर-परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। पुराने दोस्तों से मुलाकात होगी। स्वास्थ्य में सुधार के योग हैं।

**मकर** : प्रोफेशनल लाइफ में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। आज काम के सिलसिले में बाहर जाना पड़ सकता है।

**कुंभ** : घर के मामलों को शांति से सुलझाएं। स्वास्थ्य में सुधार होगा। भाई-बहन की मदद करनी पड़ सकती है।

**मीन** : सेहत का ध्यान रखें। पैतृक संपत्ति से फायदा होगा। चुनौतियों को तुम आत्मविश्वास से संभाल लोगे।

## ज्योतिष/वास्तु

# आने वाले 3 महीने मेष समेत इन राशि वालों के लिए रहेंगे शुभ, करियर में मिलेगा नाम और सम्मान

ज्योतिषियों के अनुसार, आने वाले 3 महीने कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ रहने वाले हैं। जातकों को करियर में नए अवसर मिल सकते हैं, मेहनत का पूरा फल मिलेगा और मान-सम्मान में भी वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

ज्योतिषियों के अनुसार, सभी ग्रहों का प्रभाव जातकों पर अलग-अलग तरीकों से देखने को मिलता है। ग्रह अपनी दृष्टि और चाल के अनुसार शुभ व अशुभ फल प्रदान करते हैं, इसलिए हर राशि पर उनका असर भी अलग होता है। कई बार ग्रहों की अनुकूल स्थिति से करियर में सफलता, सम्मान और तरक्की के योग बनते हैं, तो कभी परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण भी हो जाती हैं। हालांकि, ग्रहों का यही परिवर्तन आने वाले समय में मिलने वाले शुभ परिणामों का भी संकेत देता है। ज्योतिषियों के अनुसार, ग्रहों की चाल और दृष्टि के प्रभाव से आने वाले 3 महीने कुछ राशि वालों के लिए बेहद खास रहने वाले हैं। खासतौर पर करियर में सकारात्मक बदलाव, नई उपलब्धियां और मान-सम्मान मिलने के प्रबल योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं, किन राशियों के लिए यह समय सबसे अधिक शुभ रहने वाला है।



**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए यह समय करियर के लिहाज से बेहद शुभ रह सकता है। लंबे समय से नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मनचाही नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयास सफल होंगे। व्यापार की योजनाएं सफल होंगी और वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग भी प्राप्त हो सकता है। घर और बाहर सभी जगह आपका प्रभाव बना रहेगा।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों को इस अवधि में आर्थिक लाभ मिलने के प्रबल योग हैं। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। निवेश के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आपका भौतिक सुख भी पहले से कई गुना बढ़ा हुआ महसूस होगा। कर्क राशि वालों की कार्यक्षेत्र में मेहनत रंग लेकर आएगी और चारों ओर आपकी सराहना होगी। रुके हुए काम पूरे होने से आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**कन्या राशि-** कन्या राशि के जातकों के लिए यह समय प्रतिभा दिखाने का रहेगा। कला के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे। रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने के अच्छे अवसर मिल सकते हैं। इसके अलावा करियर में नई पहचान बनने की संभावना है। परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलने से करियर को नई दिशा मिलेगी। नए लोगों से आप मिलेंगे और कोई काम इस समय प्रारंभ कर सकते हैं।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वालों को आने वाले तीन महीनों में धन लाभ के साथ-साथ मान-सम्मान मिलने के योग हैं। समाज में सम्मान प्राप्त होगा। रिश्तों में भी आपका प्रभाव अधिक बना रहेगा। नौकरी करने वालों को विशेष फलों की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी छवि मजबूत होगी। प्रमोशन की कामना इस समय पूरी होगी।

### शर्मिला धनखड़ ने शॉट पुट में मेडल जीता, हाई जंप में सिल्वर जीतने वाले सरवेश पहले भारतीय बने

# भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स में दूसरा गोल्ड

ब्रह्मास्त्र ›› ग्लासगो

भारत की शर्मिला धनकड़ ने सोमवार को कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं के पैरा शॉट पुट एफ57 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 9.81 मीटर का सीजन बेस्ट थ्रो कर यह उपलब्धि हासिल की। यह मौजूदा खेलों में भारत का दूसरा गोल्ड मेडल है। इसी इवेंट में भारत की शिल्पा के. शायला ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

एफ57 कैटेगरी में उन पैरा एथलीट्स को शामिल किया जाता है, जिनके निचले अंग प्रभावित होते हैं या जिनकी मांसपेशियों की ताकत कम होती है। भारत के मेडल टैली में कुल 10 मेडल हो गए हैं और टीम आठवें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया 26 गोल्ड सहित 59 मेडल के साथ पहले स्थान पर है। अन्य इवेंट्स में हाई जंप में सर्वेश कुशारे और वेटलिफ्टिंग के 79 किलोग्राम वर्ग में अजय बाबू ने सिल्वर मेडल जीता। वहीं, बिंदियारानी देवी ने 58 किलोग्राम वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया, जबकि ज्ञानेश्वरी यादव ने 53 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल जीता।

**बिंदियारानी देवी ने कुल 199केजी वेट उठाकर ब्रॉन्ज जीता-** नाइजीरिया की रफियातु फोलाशाडे लावल ने 229केजी (103+126) वजन उठाकर गेम्स और कॉमनवेल्थ रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता। कनाडा की एन सोफी टाशेरो ने 215केजी (94+121) वजन उठाकर सिल्वर अपने नाम किया। बिंदियारानी ने स्नैच में 83, 85 और 87केजी वजन उठाया। क्लीन एंड जर्क में उनका पहला 110केजी का प्रयास फेल रहा। उन्होंने दूसरे प्रयास में 112केजी उठाया। हालांकि तीसरे प्रयास में 116 केजी नहीं उठा सकीं। यह 27 साल की बिंदियारानी का लगातार दूसरा कॉमनवेल्थ गेम्स मेडल है। उन्होंने बर्मिंघम 2022 में सिल्वर जीता था। इम्फाल की रहने वाली बिंदियारानी ने खेल करियर की शुरूआत ताइक्वांडो से की थी। 2008 से 2012 तक ताइक्वांडो में उन्होंने भारत को रिप्रेजेंट किया। हालांकि छोटी हाईट और मजबूत कद-काठी की वजह से कई कोच ने उन्हें वेटलिफ्टिंग की सलाह दी।



### शर्मिला धनखड़ ने घर बेचकर शुरू की ट्रेनिंग

- शर्मिला धनखड़ हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के चित्रौली गांव की रहने वाली हैं। 2 साल की उम्र में पोलियो की शिकार हो गई थीं, जिससे उनका एक पैर प्रभावित हो गया। पिता छोटे किसान थे और मां दृष्टिबाधित हैं। बेहतर इलाज नहीं हो सका। आर्थिक तंगी के बीच कम उम्र में उनकी शादी कर दी गई।
- शर्मिला के लिए पैरा एथलेटिक्स का सफर आसान नहीं था। 34 साल की उम्र में उन्होंने कोच टेकचंद और देवेंद्र के मार्गदर्शन में एफ57 कैटेगरी के सीटेड शॉट पुट इवेंट की ट्रेनिंग शुरू की। आर्थिक तंगी इतनी थी कि 2023 में ट्रेनिंग का खर्च जुटाने के लिए उन्होंने अपना घर बेच दिया। इसके बाद परिवार किराए के मकान में रहने लगा, लेकिन शर्मिला ने अभ्यास नहीं छोड़ा।

### दूसरी शादी के बाद मिली नई राह

26 साल की उम्र में पति ने उन्हें घर से निकाल दिया। तब तक उनकी दो बेटियां हो चुकी थीं। वह दोनों बेटियों को लेकर मायके लौट आईं। 28 साल की उम्र में उन्होंने अजीत से दूसरी शादी की। अखबार में पैरा एथलीट्स की खबर पढ़ने के बाद अजीत ने उन्हें पैरा एथलेटिक्स में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया और हर कदम पर उनका साथ दिया।



### शिल्पा शायला को नाटकीय घटनाक्रम के बाद मिला ब्रॉन्ज

शिल्पा शायला ने महिलाओं के शॉट पुट एफ57 इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। हालांकि, उनका पदक नाटकीय घटनाक्रम के बाद पक्का हुआ। शिल्पा ने 7.26 मीटर का थ्रो कर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, लेकिन शुरूआती नतीजों में वह चौथे स्थान पर थीं। नाइजीरिया की यूचेरिया इयियाजी को ब्रॉन्ज मेडल दिया गया था। भारत की आपत्ति के बाद अधिकारियों ने नाइजीरियाई खिलाड़ी के थ्रो की समीक्षा की। जांच में उनके एकमात्र वैध थ्रो को फाउल करार दिया गया। इसके बाद संशोधित नतीजों में शिल्पा को चौथे से तीसरे स्थान पर पहुंचाते हुए ब्रॉन्ज मेडल दे दिया गया। मेडल मिलने के बाद शिल्पा भावुक हो गईं और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने साथी खिलाड़ी शर्मिला धनखड़ के साथ इस उपलब्धि का जश्न मनाया।

# पहले टेस्ट में मसूद के नाबाद 88 रन पाकिस्तान 199/3

ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन का खेल पाकिस्तान के नाम रहा। वेस्टइंडीज को पहली पारी में 311 रन पर समेटने के बाद पाकिस्तान ने दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट पर 199 रन बना लिए।

शान मसूद 88 रन बनाकर नाबाद हैं और अपने शतक से सिर्फ 12 रन दूर हैं। पाकिस्तान अभी पहली पारी के आधार पर 112 रन पीछे है, जबकि उसके 7 विकेट बाकी हैं।

दूसरे दिन की शुरूआत में पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने पुरानी गेंद से शानदार स्विंग कराई। मोहम्मद अली ने 4 विकेट लेकर वेस्टइंडीज के निचले क्रम को ज्यादा देर टिकने नहीं दिया। दिन के तीसरे ओवर में खुर्रम शहजाद ने वेस्टइंडीज के सबसे सफल बल्लेबाज कावेम हॉज को आउट कर पहली सफलता दिलाई। इसके बाद मोहम्मद अली ने जस्टिन ग्रीव्स को पवेलियन भेजा। लंच के बाद उन्होंने लगातार दो गेंदों पर पहले शमार जोसेफ को बाउंसर पर आउट किया, फिर शाई होप को एलबीडब्ल्यू कर वेस्टइंडीज की पारी 311 रन पर खत्म कर दी।

# अनाहत सिंह ने जूनियर स्क्वॉश वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती

### खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं, फाइनल में मिस्र की रुक्या सलेम को 3-0 से हराया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत की 18 साल की खिलाड़ी अनाहत सिंह ने वर्ल्ड स्क्वॉश जूनियर चैंपियनशिप 2026 का खिताब जीता।

शनिवार को खेले गए गर्ल्स सिंगल्स फाइनल में टॉप सीड अनाहत ने मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त रुक्या सलेम को 11-3, 11-7, 11-9 से हराया। इसके साथ ही वे जूनियर वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 में रहा था, जब जोशना चिनप्पा फाइनल तक पहुंची थीं। अनाहत ने अब भारत को इस टूर्नामेंट का पहला गोल्ड दिलाया। गर्ल्स जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में 2011 से लगातार मिस्र की खिलाड़ी खिताब जीत रही थीं। अनाहत ने फाइनल में रुक्या सलेम को हराकर यह सिलसिला तोड़ दिया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 6 मैच खेले और सिर्फ 2 गेम गंवाए। अनाहत ने पिछले साल जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इस बार उन्होंने उसे गोल्ड में बदल दिया। चार बार की चैंपियन मिस्र की अमीना ओर्फी उम्र सीमा के कारण इस बार टूर्नामेंट में नहीं खेलीं। गर्ल्स वर्ग में अनाहत के अलावा रुद्र सिंह, अनिका दुबे और शानवी कलंकी राउंड ऑफ-32 में बाहर हो गईं। बॉयज वर्ग में आर्यवीर दीवान भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे। वे प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। युशा नफीस और गुरवीर सिंह राउंड ऑफ-32, जबकि पुरव रामभिया राउंड ऑफ-64 में हार गए। सीनियर पीएसए वर्ल्ड रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद अनाहत की नजर अब 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक पर होगी, जहां पहली बार स्क्वैश को शामिल किया गया है।



## खबर एक नजर...

### समझाईश के बाद परिजनों ने कराया पोस्टमार्टम

**उज्जैन।** बड़नगर से रविवार को घायल हालत में 70 साल के मुबारिक पिता कादिर हुसैन को परिवार उपचार के लिए उज्जैन लेकर आया था। निजी अस्पताल में सोमवार सुबह मौत हो गई। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल लाया गया। मामले में मर्ग कायम किया गया लेकिन परिजन पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि घर में ही गिरने से चोट लगी थी। परिवार को कोई संदेह नहीं है। पुलिस द्वारा मामले में परिवार को समझाईश तब जाकर परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हुए। दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव बड़नगर ले जाया गया।

### उधारी के रूपयो को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**उज्जैन।** नागदा पाल्यारोड पर रहने वाले मुकेश पिता बगदीराम यादव और आजाद पिता ईश्वर चंद्रवंशी के बीच उधारी रूपयो का लेनदेन चल रहा था। बीती शाम दोनों का आमना सामना हुआ और रूपयो को लेकर उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई। मुकेश को आजाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीट दिया और जान से मारने की धमकी दी। मुकेश ने भी आजाद के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामला नागदा थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि मुकेश ने आजाद को उधार रुपए दिए थे। उधार रुपयों को लेकर मारपीट का एक मामला माकडोन के लालाखेड़ी में रहने वाले भागीरथ पिता सेवा मालवीय 65 साल के साथ ग्राम रुपाखेड़ी में हुआ। भरत शर्मा द्वारा उधार रूपयों को लेकर अपनी दुकान के सामने भागीरथ के साथ मारपीट की और जाति सूचक शब्द कहे। पुलिस ने भागीरथ की शिकायत पर मारपीट करने और एससी एसटी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है।

### पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने खाया जहर

**उज्जैन।** माकड़ोन के ग्राम बुआखेड़ी से सोमवार शाम रुकमा बाई पति दिनेश 40 वर्ष को उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने आईसीयू में भर्ती किया। बताया जा रहा है कि रुकमा बाई ने जहरीला पदार्थ खाया था जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ी थी उसे परिजन स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां से उज्जैन रेफर किया गया है। फिलहाल परिजन कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं थे लेकिन आशंका जताई गई है कि पारिवारिक विवाद के चलते रुकमा बाई ने आत्मघाती कदम उठाया है।

### बिना अनुमति धरना प्रदर्शन करने वालों पर केस दर्ज

**उज्जैन।** बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के गुलब्रांडसन कैटलिस्ट उद्योग के मुख्य गेट पर सोमवार सुबह 11.30 बजे दर्जनों की संख्या में एकत्रित हुये कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसके चलते मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। धरना प्रदर्शन की खबर मिलने पर नायब तहसीलदार सुभाष सुनेरे और देवेश गोखले धरना दे रहे लोगों को समझाने पहुंचे और उन्हे हटाने के लिये कहा। लेकिन उन्होने धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं किया। काफी देर तक उन्होने मार्ग खाली नहीं किया तो नायब तहसीदार द्वारा पुलिस को बिना अनुमति धरना प्रदर्शन करने वालों की शिकायत की। बिरलाग्राम थाना एसआई संजय माथुर ने बताया कि मामले में चार नामजद और अन्यों के खिलाफ बिना अनुमति प्रदर्शन करने भारतीय न्याय सहिंता की धारा 163 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### टॉवर चौक से बदमाशों ने चुराई बजाज पल्सर

**उज्जैन।** दाऊदखेड़ी हाटकेश्वर में रहने वाला राजू पिता बाबूलाल यादव टॉवर चौक स्थित चाय की दुकान पर पहुंचा था। उसने अपनी पल्सर बाइक क्रमांक एमपी 13 झेड ए 9816 दुकान के बाहर खड़ी की और अंदर चला गया। कुछ देर बाद वापस आया तो बाइक चोरी हो चुकी थी। माधवनगर थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे है। बताया जा रहा बाइक चोरी में 2 बदमाश शामिल हो सकते है। कुछ दिन पहले भी फ्रीगंज क्षेत्र से पल्सर बाइक चोरी हुई थी। उस दौरान कैमरों में 2 बदमाश दिखाई दिये थे। पुलिस बदमाशों की पहचान के प्रयास कर रही है। बदमाशों के कंजर गिरोह से होने की आशंका है।

### महिदपुर से डेढ़ लाख का घी-मावा जब्त, 360 रुपए किलो में बेचा जा रहा था

**उज्जैन।** मिलावटखोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उज्जैन खाद्य विभाग की टीम ने महिदपुर में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने क्षेत्र की दो प्रतिष्ठित दुकानों पर छापा मारकर करीब 1 लाख 55 हजार रुपए मूल्य का संदिग्ध नकली घी और मावा जब्त किया है। विभाग ने दोनों ही स्थानों से खाद्य पदार्थों के नमूने (सैम्पल) लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेज दिए हैं। पहली कार्रवाई महिदपुर के यशवंत मार्ग स्थित बाकलीवाल ट्रेडर्स पर की गई। खाद्य विभाग को यहाँ नकली घी बेचे जाने की आशंका की शिकायत मिली थी। टीम ने दबिश देकर मौके से करीब 280 किलोग्राम संदिग्ध घी जब्त किया, जिसकी बाजार कीमत 1 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 200-2 | 790-6 |
| मेन बाजार | 124-7 | 138-2 |
| मिलन डे | 369-8 | 350-8 |
| मिलन नाइट | 468-8 | 556-6 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 9 | 0 |

## किसी को बताया बैंक अधिकारी, किसी को भेजी लिंक

# ऑनलाइन फ्रॉड: 6 लोगों के खातों से निकाले 2.58 लाख

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

ऑनलाइन फ्रॉड के एक के बाद एक मामले सामने आ रहे है। फ्रॉड करने वाले किसी को लिंक भेज रहे तो किसी को बैंक अधिकारी बताकर उनके खातों से राशि का अनाधिकृत ट्रांजेक्शन कर रहे है। पिछले 2 दिन में पंवासा थाने पर 3, नागझिरी-खाराकुआ थाने पर 1-1, बिरलाग्राम में 1 और खाचरौद में 1 मामला दर्ज होना सामने आया।

पुलिस द्वारा लगातार साइबर फ्रॉड का लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, बावजूद फ्रॉड करने वाले लोगों के खातों से राशि का ट्रांजेक्शन कर उन्हे आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे है। सोमवार को पंवासा थाना पुलिस ने 3 मामले दर्ज किये। थाना प्रभारी गरमसिंह मंडलोई ने बताया कि पांड्याखेड़ी में रहने वाला रानू पिता रामखिलाड़ी प्रजापति मूलरूप से आगरा



उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। वह जॉब के चलते उज्जैन में निवास कर रहा है। 3 जुलाई को उसके पास कॉल आया और बताया गया कि आपके द्वारा क्रेडिट कार्ड का उपयोग नहीं किया जा रहा है। रानू ने क्रेडिट कार्ड पर पैसे अधिक लगने की बात कहीं। कॉलधारक ने बताया कि आपको एक फार्म भेजा जा रहा है, उसे भरकर वापस भेजे। क्रेडिट कार्ड पर पैसे कम लगेगें और सुविधा भी मिलेगी। रानू ने फार्म में सभी जानकारी अपलोड की और सेंड कर दिया। कुछ देर बाद उसके खाते से 71 हजार 924 का ट्रांजेक्शन होने का मैसेज प्राप्त हुआ। ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। दूसरा फ्रॉड थाना क्षेत्र के ग्राम ब्यावरा में रहने वाले अल्ताफ पिता युसुफ पटेल के साथ 22 जुलाई और शिवधाम कालोनी में रहने वाले महेश पिता नारायण परिहार के साथ 18 जुलाई को हुआ। उनके मोबाइल पर एपीके लिंक भेजी गई थी। दोनों ने एपीके को ओपन किया और ओके पर क्लिक करते चले गये। लिंक ओपन होते ही दोनों के मोबाइल हैक हो गये। अल्ताफ के खाते से 43 हजार और महेश के खाते से 28 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होना सामने आया। तीनों मामलों में धोखाधड़ी की धारा 318 (4) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया है। तीनों ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके चलते फ्रॉड की गई राशि होल्ड पर है।

### इधर बैंक अधिकारी बनकर ठगे 41 हजार

बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलोदा बागला में रहने वाला कचरूलाल पिता रामचंद्र राठौड़ खेती किसानी करता है। 6 जुलाई को उसके मोबाइल पर कॉल आया और बताया गया कि बैंक से बोल रहे है। आपका खाता बंद होने वाला है, जिसे चालू रखने के लिये बैंक प्रक्रिया पूरी करना होगी। कचरूलाल ने प्रक्रिया पूछी तो उसे ओटीपी भेजा गया। मोबाइल पर आये ओटीपी को उसने कॉल करने वाले से शेयर किया। कुछ देर बाद खाते से 41 हजार 980 रुपए निकलने का मैसेज मिला। उक्त मामले में बिरलाग्राम पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बैंक से जानकारी मांग, धोखाधड़ी करने वाले का पता लगाने के प्रयास शुरू किये है।

### इनके साथ भी हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी

ऑनलाइन फ्रॉड करने वालों ने नागझिरी थाना क्षेत्र की अभिलाषा कालोनी में रहने वाले पवन कुमार पिता कालीप्रसाद मिश्र के मोबाइल पर 15 जुलाई को वाट्सएप पर मैसेज भेजा जिसे ओपन करने पर मोबाइल हैक हो गया और खाते से 25 हजार निकाल लिये। खाराकुआ थाना क्षेत्र के भागसीपुरा में रहने वाले अब्दुल रियाज पिता अब्दुल रज्जाक के मोबाइल को हैक कर 50 हजार का ट्रांजेक्शन कर लिया। एक मामला खाचरौद थाना पुलिस ने दर्ज किया है। ग्राम मीण में रहने वाले देवीलाल पिता भुवानलाल पाटीदार को बातों में उलझाकर ओटीपी प्राप्त करने के बाद 57 हजार 857 रुपए निकाल लिये।

## आभूषणों के साथ 55 हजार मिले, आज न्यायालय में पेश पेश करेगी पुलिस

# दिनदहाड़े लाखों की चोरी करने वाले चार आरोपी हिरासत में





**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

तराना तहसील के ग्राम बघेरा में 20 जुलाई को हुई चोरी की वारदात में चार आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। चारों के निशानदेही पर 55 हजार रुपये और लाखों के आभूषण बरामद किए गए। चारों को मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेशकर रिमांड पर लिया जा सकता है।

तराना थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भगोरिया ने बताया कि 20 जुलाई को ग्राम बघेरा निवासी धर्मेंद्र पिता शिवनारायण सोलंकी परिवार के साथ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए समीप के ग्राम गया हुआ था। उसी दौरान दिनदहाड़े अज्ञात बदमाशों ने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी को अंजाम दे दिया था। धर्मेंद्र सोलंकी की शिकायत पर मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। 7 दिन बाद चोरी की वारदात में शामिल 4 आरोपियों सावन पिता गणपत 22 साल निवासी सुरजपुरा, काना पिता गणपत 20 साल निवासी सुरजपुरा, धीरज पिता प्रभुलाल 21 साल निवासी तराना, हाल मुकाम देसाई नगर, उज्जैन और आकाश पिता प्रभुलाल 24 साल निवासी तराना, हाल मुकाम अशोक नगर उज्जैन को गिरफ्तार किया है।

चारों से पूछताछ में दिनदहाड़े हुई चोरी का खुलाता होने पर उनकी निशानदेही पर करीब सात लाख रुपये के 8 से 10 ग्राम सोने के आभूषण, करीब ढाई से तीन किलोग्राम चांदी के आभूषण, 55 हजार रुपये नकद तथा वारदात में प्रयुक्त खटकेदार चाकू बरामद किए गए। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल चारों से पूछताछ की जा रही है मंगलवार को न्यायालय में भेज कर रिमांड पर लिया जा सकता है। प्रारंभिक पूछताछ कर और जांच में धीरज और आकाश के खिलाफ पूर्व में मारपीट के मामले दर्ज होना सामने आये है। चारों से पूछताछ की जा रही है। संभावना है कि उनसे जुड़े कुछ और आरोपियों की जानकारी सामने आ सकती है। मंगलवार को न्यायालय में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा।

# लालपुर में डिवाइडर से टकराई बाइक, 1 की मौत

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**




देवासरोड पर रविवार-सोमवार रात सड़क हादसा हो गया। घटनाक्रम में एक युवक की मौत हो गई, दूसरा गंभीर घायल हुआ है। पुलिस ने रात 3 बजे मृतक के परिजनों को सूचना दी। सोमवार सुबह परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया।

नागरिक थाना एसआई पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि रात में लालपुर के समीप सड़क हादसा होने की खबर मिलने पर डायल 112 पहुंची थी। घटना स्थल से दो घायलों को एंबुलेंस अस्पताल ले जा चुकी थी। कुछ देर बाद जानकारी सामने आई की एक घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है दूसरे की मौत होने पर उसे सड़क अस्पताल भेजा गया है। रात में चरक अस्पताल पहुंची बॉडी की सूचना ड्यूटी कंपाउंड द्वारा दी गई और करने वाले नाम विशेष पिता सुरेश दादी 20 साल निवासी ग्राम उजालिया देपालपुर होना बताया गया। रात में मृतक के परिजनों की जानकारी जुटाई गई और सूचना दी गई। सोमवार तड़के परिजन उज्जैन पहुंच गए थे। मामले में मार्ग कायम कर सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि विशेष उज्जैन नागझरी क्षेत्र में दरबार दूध डेरी पर काम करता था। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू की तो जानकारी सामने आई की मृतक अपने दोस्त के साथ रात में लालपुर की ओर जा रहा था। रफ्तार तेज होने पर बाइक डिवाइडर से टकराई है। एसआई शर्मा के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। निजी अस्पताल में भर्ती घायल के बयान दर्ज कर आगे की जांच की जाएगी।

## खाचरौद एसडीएम साहू के गोद लिए गंभीर कुपोषित बच्चे ने एनआरसी में दर्ज की उत्कृष्ट रिकवरी

# गंभीर कुपोषित बच्चे 14 दिनों में 405 ग्राम बढ़ा वजन

## 8.5 किलोग्राम लक्ष्य तक जारी रहेगी निगरानी, चार चरणों की फॉलो-अप योजना लागू

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

खाचरौद एसडीएम नेहा साहू के गोद लिए गए अत्यंत गंभीर कुपोषित (एसएएम) बच्चे ने पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में मात्र 14 दिनों के उपचार और सघन पोषण प्रबंधन के बाद उल्लेखनीय स्वास्थ्य सुधार दर्ज किया है। बेहतर स्वास्थ्य सूचकांकों के साथ बच्चे को एनआरसी से डिस्चार्ज कर दिया गया है, जबकि उसे पूर्ण रूप से कुपोषण मुक्त करने के लिए अगले 60 दिनों तक विशेष निगरानी जारी रहेगी।

बच्चे को 14 जुलाई को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया गया था। उस समय उसका वजन मात्र 7.395 किलोग्राम, बांह का घेरा (एमयूएसी) 11 सेंटीमीटर तथा एसडी स्कोर माइनस 4 एसडी से कम था, जो अत्यंत गंभीर कुपोषण की स्थिति को दशार्ता है। बच्चे की देखभाल का दायित्व स्वयं एसडीएम सुश्री नेहा साहू ने लिया। उन्होंने बच्चे के लिए वजन बढ़ाने और हड्डियों को मजबूत बनाने वाले पौष्टिक पाउडर सहित आवश्यक पोषण सामग्री उपलब्ध कराई तथा उपचार की नियमित निगरानी की।




### टीम के प्रयासों से मिली सफलता

चिकित्सकों, डाइटिशियन तथा एनआरसी स्टाफ की समर्पित देखरेख और संतुलित पोषण प्रबंधन के परिणामस्वरूप बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ। बच्चे का वजन बढ़कर 7.800 किलोग्राम हो गया, अर्थात 14 दिनों में 405 ग्राम की वृद्धि दर्ज की गई। भर्ती अवधि के अंतिम दिनों में बच्चे का दैनिक वजन वृद्धि दर 10.6 ग्राम प्रति किलोग्राम प्रतिदिनह्लह्ल रही, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उत्कृष्ट रिकवरी मानकों के अनुरूप मानी जाती है। बच्चे के बांह के घेरे (एमयूएसी) में भी सुधार हुआ और यह बढ़कर 11.6 सेंटीमीटर पहुंच गया। एसडीएम सुश्री नेहा साहू ने स्पष्ट किया कि एनआरसी से डिस्चार्ज होना उपचार का अंतिम चरण नहीं है। बच्चे को पूरी तरह सामान्य श्रेणी में लाने के लिए 8.5 किलोग्राम का लक्ष्य वजन निर्धारित किया गया है, जिसे आगामी 60 दिनों में प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

# पुत्र की मौत के बाद लोट्स अस्पताल में हंगामा, डॉक्टर से की मारपीट

### पुलिस ने शांत कराया मामला

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

11 दिनों से निजी अस्पताल लोट्स में भर्ती पुत्र की मौत के बाद सोमवार सुबह परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होने हंगामा करते हुये ड्युटी से घर लौट रहे डॉक्टरों के साथ मारपीट की। हंगामे और मारपीट की खबर मिलने पर पुलिस ने मामला शांत कराया। परिजनों और डॉक्टर से लिखित शिकायत प्राप्त कर जांच शुरू की है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के फ्रीगंज में लोट्स अस्पताल में 11 दिन पहले तराना तहसील के ग्राम बिसनखेड़ी से 17 वर्षीय मनोज पिता दिनेश चौहान को परिजन पेट दर्द की शिकायत पर लोट्स अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने चैकअप के बाद पेट में गठान होना बताया। डॉ. प्रशांत पाटीदार द्वारा सर्जरी की गई। जिसके बाद मनोज की हालत में सुधार आने पर उसे जनरल वार्ड में भर्ती किया गया। रविवार को उसे ज्यूस और दलिया देने की बात कहीं गई। सोमवार शाम मनोज का फिर से पेट दर्द होने लगा। उसने परिजनों को बताया। परिजनों ने ड्युटी पर मौजूद डॉक्टरों को अवगत कराया। उसे इंजेक्शन और दवा दी गई, मनोज बेहोश हो चुका था उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। परिजनों ने डॉक्टरों को बुलाने की बात कहीं, लेकिन ड्युटी डॉक्टर ने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर के छुट्टी पर होने का हवाला देकर उपचार करने की बात कहीं। रात में परिजनों को आईसीयू में नहीं जाने दिया गया। सोमवार सुबह पिता उसे देखने पहुंचे तो ऑक्सीजन लगा था और सीपीआर दिया जा रहा था। पिता ने स्टॉफ से पूछने का प्रयास किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कुछ देर बाद मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों को गुस्सा फूट पड़ा उन्होने हंगामा करने हुये ड्युटी से घर लौट रहे डॉक्टर लखन चौहान के साथ मारपीट कर दी। हंगामे की खबर मिलते ही माधवनगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और मामला शांत कराया। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया। वहीं डॉक्टर ने मारपीट की शिकायत की। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि डॉक्टर से लिखित शिकायत लेकर जांच शुरू की गई है। वहीं बालक की मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।

## रेलवे ने श्रावण मास के तहत अपनी तैयारी को पटरी पर अंजाम दिया

# आज से उज्जैन-भोपाल के मध्य चलेंगी तीन जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनें

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

12 ज्योर्तिलिंगों में भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शनों के लिए श्रावण मास में श्रद्धालुओं की अपार आस्था उज्जैन पहुंचेगी। इसको देखते हुए पूर्व वर्षों की तरह रेलवे ने श्रावण मास की शुरूआत से तीन दिन पूर्व ही अपनी तैयारी को पटरी पर उतार दिया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल 28 जुलाई से 08 सितम्बर तक तीन जोडी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन उज्जैन-भोपाल के मध्य करेगा।



**यात्रियों की सुविधा के लिए अनारक्षित ट्रेनों का संचालन 8 सितंबर तक होगा**

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार उज्जैन एवं सीहोर क्षेत्र में श्रावण मास के दौरान अतिरिक्त यात्रियों को समायोजित करने के लिए उज्जैन-भोपाल के मध्य तीन जोड़ी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया गया है।

### आज से शुरू होगा तीनों का संचालन

**सुबह 9 बजे पहली- गाड़ी संख्या 09305/09306 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर-उज्जैन मेला स्पेशल-** गाड़ी संख्या 09305 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर मेला स्पेशल 28 जुलाई, 2026 से 08 सितम्बर, 2026 तक उज्जैन से प्रतिदिन 09.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 13.30 बजे संत हिरदाराम नगर पहुँचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 09306 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन मेला स्पेशल 28 जुलाई, 2026 से 08 सितम्बर, 2026 तक संत हिरदाराम नगर से प्रतिदिन 14.20 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 19.30 बजे उज्जैन पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल एवं सीहोर स्टेशनों पर ठहरेगी।

### अपराह्न 4 बजे दूसरी

गाड़ी संख्या 09313/09314 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर-उज्जैन मेला स्पेशल, गाड़ी संख्या 09313 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर मेला स्पेशल 28 जुलाई, 2026 से 08 सितम्बर, 2026 तक उज्जैन से प्रतिदिन 16.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 00.10 बजे संत हिरदाराम नगर पहुँचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 09314 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन मेला स्पेशल 29 जुलाई, 2026 से 09 सितम्बर, 2026 तक संत हिरदाराम नगर से प्रतिदिन 01.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 06.00 बजे उज्जैन पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, एवं सीहोर स्टेशनों पर रुकेगी।

### रात 9 बजे तीसरी

**गाड़ी संख्या 09307/09308 उज्जैन-भोपाल-उज्जैन मेला स्पेशल-**गाड़ी संख्या 09307 उज्जैन-भोपाल मेला स्पेशल 28 जुलाई, 2026 से 08 सितम्बर, 2026 तक उज्जैन से प्रतिदिन 21.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 02.20 बजे भोपाल पहुँचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 09308 भोपाल-उज्जैन मेला स्पेशल 29 जुलाई, 2026 से 09 सितम्बर, 2026 तक भोपाल से प्रतिदिन 03.10 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 08.00 बजे उज्जैन पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, सीहोर एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों पर ठहरेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com